सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 07 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 66, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर

यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आयी। } 11

## भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर : शाह

अमित शाह ने कहा कि भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष में बदल दिया है। } 12



### संक्षेप

## पेटीएम उपयोग करने वाले 85 प्रतिशत लोगों को कोई समस्या नहीं

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। **(विस्तृत खबर भीतर)**

## बंगलुरु विस्फोट मामले में जानकारी देने वाले को 10 लाख का इनाम




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने एक्स पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है। एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है।

## सीतापुर में महिला ने 3 बच्चों संग दी जान

लखनऊ। सीतापुर जिले के मानपुर क्षेत्र के अहमदपुर गांव में एक महिला ने पति के साथ झगड़े से परेशान होकर बुधवार को जहरीला पदार्थ निगल कर तीन बच्चों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बुधवार को बताया कि चारों की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि संजीवन की पत्नी राजकुमारी (32) ने अपने तीन बच्चों- सुमित (आठ), नेहा (पांच) और संध्या (तीन) के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उन सभी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता कि संभवतः पति के साथ विवाद के कारण महिला ने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल संजीवन को हिरासत में ले लिया गया है।

## पीएम मोदी पर सोच-विचार कर बोलें राहुल : निर्वाचन आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती और जेबकतरा संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है।

सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्वाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ नैतिक निंदा के बजाय कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा।

इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए पनौती और जेबकतरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रधानमंत्री ने आगरा मेट्रो को वर्चुअल रूप से दिखायी हरी झंडी

### ताज महल मेट्रो स्टेशन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया रवाना

जिला संवाददाता

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता से वर्चुअली आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाते ही, उसके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। 32 महीने में प्राथमिक भूमिगत सेक्शन का निर्माण होना था, लेकिन यह 23 महीने में बनकर तैयार हो गया। सात दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगरा मेट्रो का शिलान्यास किया था। इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन से सीएम योगी ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है। फर्स्ट फेज में अभी 6 किलोमीटर तक मेट्रो चलेगी। इसके बीच में प्राथमिकता कॉरिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। जिनके बीच गुरुवार से आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।



आगरा में मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो में सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का बुधवार प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ...शेष पृष्ठ 10 पर

# देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो का उद्घाटन

## पूरे बंगाल में फूटेगा संदेशखालि का ज्वार : मोदी



पश्चिम बंगाल में देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो में छात्रों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का उद्घाटन किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री उसी रास्ते से एस्प्लेनेड स्टेशन लौटे और इस दौरान उनके साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार में 12,800 करोड़ की परियोजनाओं का अनावरण



परियोजनाओं के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा

एजेंसी

बेतिया (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बेतिया में एक समारोह के दौरान विकसित भारत-विकसित बिहार के तहत परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, राज्य के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हालांकि, समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। प्रधानमंत्री ने मुजफ्फरपुर-मोतिहारी तक 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया। यह न सिर्फ बिहार बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी रसोई ईंधन प्रदान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीआईडी ने सीबीआई को सौंपी शाहजहां शेख की हिरासत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी।

सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई अधिकारियों की टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को केंद्रीय एजेंसी के हवाले शाम छह बजकर 48 मिनट पर किया जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपराह्न चार बजकर 15 मिनट की समय सीमा तय की थी। सीआईडी के अधिकारी ने बताया शाहजहां शेख को सीबीआई के हवाले कर दिया गया है।

## बाहुबली व पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की कैद



विशेष संवाददाता

लखनऊ/जौनपुर। जौनपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनायी। इस सजा के बाद धनंजय अब आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने यहां बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पुलिस भर्ती परीक्षा में आठ गिरफ्तार

- मोबाइल के जरिये व्हाट्सअप से लोगों के पास पहुंचा था प्रश्न पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने बीती 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आरक्षी परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के छह सदस्यो को पेपर और उत्तर कुंजी सहित प्रदेश के मेरठ जिले के कंकरखेड़ा के दोपहिया रोड पठानपुरा स्थित दीपू उर्फ दीपक दोपहिया के मकान से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी दीप उर्फ दीपक और बिटटू व प्रवीण व रोहित उर्फ ललित तथा नवीन कुमार व साहिल मेरठ के विभिन्न स्थानों के रहने वाले है। इनके पास से आठ मोबाईल फोन और एक प्रश्न - पत्र 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का द्वितीय पाली का और एक उत्तर कुंजी 18 फरवरी को आयोजित उ० प्र० पुलिस भर्ती परीक्षा का द्वितीय पाली की बरामद हुई है। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न - पत्र व उत्तर कुंजी साथ फरवरी को साहिल के मोबाईल पर जरिये व्हाट्सअप पर आया था। जिसे मोनू निवासी दायमपुर थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ ने भेजा था। साहिल ने 17 फरवरी को ही वह प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी व्हाट्सएप के माध्यम से नवीन निवासी शोभापुर को भेजा था। नवीन ने अपने मोबाईल फोन से बिटटू ...शेष पृष्ठ 10 पर




## खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को मिलेगी अब सरकारी नौकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि संशोधित मानदंडों के बाद खेलो इंडिया के पदक विजेता भी अब सरकारी नौकरी पाने के लिए पात्र होंगे।



ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने तथा खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल मंत्रालय के परामर्श से सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन किया है। ठाकुर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, खेलो इंडिया खेलों (युवा, विश्वविद्यालय पैरा और शीतकालीन) के पदक विजेता खिलाड़ी अब सरकारी नौकरी पाने के पात्र होंगे। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- विपक्ष में बड़े पद सिर्फ परिवारों के लिए आरक्षित (पृष्ठ-02)
- प्रदेश की 150 सीएचसी को मिले 4.20 करोड़ (पृष्ठ-02)
- सोना 150 चढ़कर 65,150 रुपये पर (पृष्ठ-11)
- पी-नोट्स से निवेश घटकर 1.43 लाख करोड़ (पृष्ठ-11)
- रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 प्रति डॉलर (पृष्ठ-11)

### विशेष खबर

### आरडीएसओ ने टक्कर रोधी प्रणाली कवच का किया निर्माण, वृन्दावन-पलवल रेल खंड पर हुआ सफल

## अब ट्रेनों की नहीं होगी टक्कर, कवच रोकेगा दुर्घटना

रूपक सान्याल

लखनऊ। डब्ल्यूएपी-5 लोकोमोटिव 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्री डिब्बों को खींचने में सक्षम है और इसका उपयोग शताब्दी और गतिमान एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में किया जाता है। इस इंजन को आरडीएसओ द्वारा निर्मित 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' (एंटी कोलेजन डिवाइस) से लैस कर मथुरा-पलवल रेलखंड पर दौड़ाया गया और ड्राइवर ने रेड सिग्नल से पहले ट्रेन इंजन को ब्रेक नहीं लगाया लेकिन कवच प्रणाली से लैस इंजन रेड सिग्नल से 30 मीटर पहले स्वतः आटोमेटिक ब्रेक लगाकर रुक गया। इस सफल परीक्षण के बाद अब ट्रेनों के आमने सामने टक्कर होने का खतरा न के बराबर हो गया है। अब रेल मंत्रालया 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' प्रत्येक मेल, एक्सप्रेस, एवं सेमी हाई स्पीड ट्रेन जिसमें शताब्दी, वंदे भारत अमृत भारत जैसी ट्रेनों में लगाने की कवायद शुरू कर दी है। दरअसल पिछले साल ओडिशा में जिस कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी के टकराने से 230 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 900 से ज्यादा घायल होने के बाद एंटी कोलेजन डिवाइस यानी कवच प्रणाली के ट्रेनों के इंजनों में लगाये जाने की बात उठने लगी थी। इसी दुर्घटना के बाद रेलमंत्रालय के अफसर हरकत में आये और आरडीएसओ के अधिकारियों को एंटी कोलेजन डिवाइस यानि कवच प्रणाली को फाइनल टच देने को कहा। इसी के बाद नये साल में एंटी कोलेजन डिवाइस यानी कवच का सफल परीक्षण किया गया।




आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा कि 19 जनवरी को सुबह 10 बजे कवच प्रणाली का परीक्षणउत्तर प्रदेश के वृन्दावन से शुरू हुआ और तय समय के मुताबिक डाउन लाइन दिशा में हरियाणा के पलवल में दोपहर एक बजकर 20 मिनट तक पूरा हो गया। श्रीवास्तव के अनुसार, इस प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश लाइन दिशा में पलवल से वृन्दावन तक दोपहर दो बजे से तीन बजकर 35 मिनट के बीच दोहराया गया. अधिकारियों ने कहा कि अब मंडल जल्द यात्री डिब्बों के साथ ट्रेनों पर परीक्षण दोहरायेगा। एंटी कोलेजन डिवाइस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नौसेना ने लक्षद्वीप में शुरू किया नया अड्डा आईएनएस जटायु

एजेंसी

मिनिकॉय (लक्षद्वीप)। भारतीय नौसेना ने बुधवार को मिनिकॉय द्वीप पर अपने नये अड्डा आईएनएस जटायु की शुरुआत की, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों के भीतर उसकी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगा। इस अड्डे से नौसेना टुकड़ी की परिचालन पहुंच बढ़ेगी और यह पश्चिमी अरब सागर में समुद्री डकैती और मादक द्रव्य रोधी अभियानों में भारतीय नौसेना के प्रयासों का सहयोग करेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने यहां आयोजित एक समारोह में नए अड्डे की शुरुआत की। आईएनएस जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान में शामिल किया गया है। आईएनएस जटायु के सेवा की शुरुआत के बाद मिनिकॉय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि अड्डे का नाम रामायण के उस पात्र के नाम पर रखा गया है जिसने सीता के अपहरण को रोकने की कोशिश की थी।

कुमार ने कहा रामायण में जटायु ने सबसे पहले कदम उठाते हुए सीता जी के अपहरण को रोकने की कोशिश की। अपने जीवन को खतरे में डालकर, स्वयं से पहले सेवा का उदाहरण दिया। इसलिए इस इकाई का नाम जटायु रखना सुरक्षा निगरानी और निस्वार्थ सेवा प्रदान करने की भावना की एक उपयुक्त मान्यता है।

# आयुष के जरिए हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं : योगी

## आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया लोकार्पण



बुधवार को लोकभवन सभागार में बस्ती, बलिया, जालौन व आयुष चिकित्सालायों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इस अवसर पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी सहित अन्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी।

इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने 238 करोड़ से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यूपी में आयुष मिशन तेजी के साथ जनविश्वास का प्रतीक बनता जा रहा है। आज लोकार्पित हुई परियोजनाएं इसका लघु उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। जिस आयुष मिशन के बारे में भारतीय मनीषा की धारणा रही हो कि 'नास्ति मूलं अनौषधं' यानी कोई जड़ी नहीं जो औषधीय गुणों से युक्त ना हो, मगर अज्ञानता और उपेक्षा के कारण हमारी ये पारंपरिक विधा कालांतर में लुप्तप्राय हो गयी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जब आयुष मंत्रालय का गठन किया और पारम्परिक चिकित्सा को प्राथमिकता देकर प्रोत्साहित कियाए तो देखते ही देखते देश ही नहीं पूरी दुनिया ने इसके महत्व को समझना शुरू कर दिया। हमने

- **पूरी दुनिया में बढ़ी है पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लेकर उत्सुकता**
- **आयुष चिकित्सा पद्धति किसानों की आमदनी बढ़ाने में होगी सहायक**
- **आयुर्वेद के ज्ञान को उजागर करने वाले महर्षि धनवंतरी और आचार्य सुश्रुत की धरती है यूपी**

पिछले चार साल में इस सदी की सबसे बड़ी महामारी का सामना किया। इस दौरान दुनिया ने पारंपरिक मेडिकल के महत्व को समझा। पीएम मोदी के अभियान के फलस्वरूप प्रतिवर्ष 21 जून को पूरी दुनिया योग करती दिख रही है। कोरोना काल में पूरा विश्व आयुष का काढ़ा पीते दिखा। दुनिया आज पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महा निदेशक भी होंगे। उन्होंने बताया कि यूपी आयुर्वेद की धरती रही है। भगवान धनवंतरी और सुश्रुत जिन्होंने शल्य चकित्सा के ज्ञान को इसी प्रदेश की धरती से आगे बढ़ाया, ऐसे में अब हमारा दायित्व है कि हम भी आयुष चिकित्सा पद्धति को और आगे लेकर जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में आयुष पद्धति पर आधारित कृषि बहुत उपयोगी हो सकती है। हमें इसके लिए अपने रिसर्च को बढ़ाना होगा साथ ही साथ किसानों को प्रोत्साहित करना होगा।

इस अवसर पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सफलता के लिए संयम, धैर्य और विश्वास बेहद जरूरी : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि राजनीतिक क्षेत्र में सफलता के लिए संयम, धैर्य और विश्वास बेहद जरूरी होता है। जिस क्षेत्र की जनता चुनकर विधानसभा तक पहुंचाने का काम करती है उसके प्रति जवाबदेही स्वाभाविक है। विधानसभा में जो भी कार्यवाही होती है, उसका पालन करने के लिए विभिन्न समितियां होती हैं जिसमें सम्बन्धित मुखिया से अधिक अपने विधानसभा क्षेत्र को संतुष्ट करने की बड़ी चुनौती करना पड़ता है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के 30 बच्चों और अध्यापक और अध्यापिकाओं ने विस अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात के बाद कहा कि उन्हे यहां विधानसभा में आकर बेहद खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। यहां का भ्रमण हम सभी के लिए आश्चर्य चकित करने तथा प्रेरणा देने वाला है। महाना ने सभी छात्र-छात्राओं सहित विधानसभा भ्रमण पर आये



जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों को विधानसभा के बारे में जानकारी देते विस अध्यक्ष

समस्याओं का समाधान किया जाता है।

महाना बुधवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों को विधानसभा की जानकारी दे रहे थे। बच्चे विधानसभा का भ्रमण करने के लिए विस आए हुए थे। महाना ने उन्हें विधायिका के महत्व और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर विधानभा अध्यक्ष ने कहा कि एक विधायक को परिवार के हुए दल को विधानसभा की नवनिर्मित गलियारों, सभा मंडप, लाबी, पुस्तकालय एवं डिजिटल वीथिका, आदि भ्रमण पर जाते समय कहा कि यूपी विधानसभा में कई बदलाव हुए हैं और यह भी प्रयास किया गया है कि आम जनता विधानसभा के बारे में जान सके। महाना ने कहा कि हमारी विधानसभा देश की अग्रणी विधान सभाओं में से एक है।

# विपक्ष में बड़े पद सिर्फ परिवारों के लिए आरक्षित : भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने शामिल किया। इस क्रम में सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर), पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह (बलिया), नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां

- **भाजपा में प्रत्येक व्यक्ति का पूर्ण सम्मान होता है : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक**

(संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे कुल्लू (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमिश्नरी अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा जालौन से बसपा के पांच बार जिलाध्यक्ष रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर) बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम तथा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर चलने वाला राजनैतिक दल है। सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में बड़े पद और शीर्ष नेतृत्व सिर्फ उनके परिवारों के लिए आरक्षित है, जबकि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी पद पर पहुंच सकता है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी जिम्मेदारी के साथ आप सभी भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का विजन है, विकसित भारत के विजन में विश्वगुरू भारत का संकल्प समाहित है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्येक व्यक्ति का पूर्ण सम्मान है। भाजपा में शामिल होने के साथ आप सभी को यह जिम्मेदारी लेकर घर जाना है कि अपने जनपद में पहुंचकर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मोदी व योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है और इसका अहसास पूरे विश्व को हुआ है।

# किसानों को अविलम्ब बांटा जाये मुआवजा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिये धनराशि सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करा दी गई। बारिश व ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण कराया जाये। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा करें। आस्किंग रेट के अनुसार स्ट्रैटजी बनाये और सम्बन्धित कर्मियों के लिये टारगेट फिक्स करें। उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। उनके अभिलेखों के परीक्षण, मेडिकल फिटनेस, पुलिस वेरीफिकेशन तथा पासपोर्ट आदि अन्य औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कराया जाये। नये पंजीकरण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की जाये। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिये प्रत्येक माह एनकॉर्ड की अनिवार्य रूप से बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है।



# लखनऊ कमिश्नरेट रियल्टी चेक में चार जोन के मुखिया फेल, एक पास

● पांच जोन के डीसीपी की फोन पर सतर्कता का रियल्टी चेक

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आमजन मानस का सुरक्षित और सुखद माहौल देने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए लगातार बैठकों में भी पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देशित करते रहते हैं लेकिन अधिकारी अपनी कारगुजारी से बाज आने को तैयार नहीं है। यहां तक कि हाल ही में कार्यवाहक डीजीपी के पद से सुशोभित हुए प्रशांत कुमार के प्रभार ग्रहण करने पर अधिकारियों के फोन न उठने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही थी।

आला कमान के निर्देश को लेकर लखनऊ कमिश्नरेट के जोन मुखिया कितने सतर्क और सचेत है, इसका पता लगाने के लिए वॉयस ऑफ लखनऊ के विशेष संवाददाता ने बुधवार को रात्रि 8:45 बजे से जोन के मुखिया को फोन किया तो इस रियलटी चेक में नतीजा चौंकाने वाले निकले। लखनऊ कमिश्नरेट के पांच जोन में तैनात



डीसीपी को फोन मिलाने पर दो डीसीपी के सीयूजी स्वीच ऑफ निकले और एक डीसीपी सीयूजी डॉयल करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसी क्रम में एक डीसीपी के पीआरओ ने फोन उठाया और बताया कि साहब बिजी हैं। जबकि एक जोन के डीसीपी ने फोन तत्काल उठाया। ऐसे में आम जनमानस शहर में तैनात अफसरों से क्या उम्मीद रखें। जबकि प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रदेश के सभी अफसरों को कड़ी हिदायत दे रखी है कि वह अपने सरकारी नम्बर तत्काल उठाएं और लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी को कमिश्नरेट व्यवस्था इसलिए लागू की थी कि अधिकारी तादाद बढ़ेगी तो जनता के बीच सुरक्षा के इंतजाम भी मजबूती पायेंगे। इसके लिए राजधानी को पांच जोन में बांटा गया। साथ ही थानों की संख्या भी बढ़ा दी गयी लेकिन अधिकारी अभी अपनी पुराने तौर तरीके पर टिके है और उनके लिए अधिकारी के आदेश मात्र खानापूर्ति ही समझा जा रहा है। यह बानगी भर है, जब राजधानी की कमिश्नरेट का यह हाल है तो प्रदेश की अन्य कमिश्नरेट और जिले की सुरक्षा व्यवस्था का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

| पद | अधिकारी का नाम | सीयूजी नम्बर | फोन मिलने का समय | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| डीसीपी जोन पूर्वी | प्रबल प्रताप सिंह | 9454400499 | रात्रि 8:53 बजे पर दो बार | स्वीच ऑफ |
| डीसीपी जोन दक्षिणी | तेज स्वरूप सिंह | 9454400494 | रात्रि 8:48 बजे पर दो बार | स्वीच ऑफ |
| डीसीपी जोन मध्य | रवीना त्यागी | 9454400516 | रात्रि 8:45 बजे पर | मिली व्यस्त होने की सूचना |
| डीसीपी जोन उत्तरी | अभिजीत आर शंकर | 9454400489 | रात्रि 8:53 मिनट बजे पर | नही मिली प्रतिक्रिया |
| डीसीपी जोन पश्चिमी | दुर्गेश कुमार | 9454400509 | रात्रि 8:46 मिनट बजे | तत्काल उठाया फोन |

## छोटे शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

### नगर विकास विभाग ने डब्ल्यूआरआई इंडिया से किया करार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के छोटे शहरों में इलेक्ट्रिक बसें और चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जाएगी। नगर विकास विभाग ने इसके लिए विश्व संसाधन संस्थान( डब्ल्यूआरआई इंडिया ) से करार किया है।

स्थानीय निकाय निदेशक डा. नितिन बंसल के मुताबिक बड़े शहरों में सुनियोजित विकास के लिए तो विकास प्राधिकरण हैं, लेकिन छोटी पालिका परिषद और नगर पंचायतों में इसकी व्यवस्था नहीं है। इसीलिए अनियोजित विकास को रोकने और सुनियजित विकास के लिए करार किया गया है। डब्ल्यूआरआई नगर विकास विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। छोटे शहरों कैसे विकास किया जाए, जिससे वहां के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होने के साथ रोजगाल मिल सके। नाले का निर्माण कैसे किया जाए जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

सीएम ग्रिड्स और अन्य योजनाओं के तहत सड़क विकास और वस्तार जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक और मॉनिटर करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने में नगरीय विकास विभाग की डब्ल्यूआरआई सहायता करेगा। कहां चौराहे पर ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत है और कहां पर नहीं, इसकी जानकारी देगी। जलवायु और पर्यावरण के अनुकूल विकास जैसे क्षेत्रों में सरकारी अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करेगा।

## नगर निगम में आज विशेष महिला सदन की बैठक

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को नगर निगम में विशेष महिला सदन की बैठक बुलाई गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में विशेष सदन की बैठक होगी। महिला दिवस पर आयोजित सदन के लिए नगर निगम का हाल पिंक पिंक नजर आएगा। सदन की बैठक में केवल महिला पार्षद व अधिकारी ही नजर आएंगे। सदन में पूर्व महिला महापौर व पार्षदों को विशेष तौर आमंत्रित किया गया है। पूर्व महिला पार्षदों के अनुभव साझा किए जाएंगे। महिला दिवस पर होने वाली सदन की बैठक 11 बजे से शुरू होगी इसमें नगर निगम के आला अधिकारियों की जगह महिला अधिकारी ही रहेंगी। वही नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त को प्रतिनिधित्व करेंगी। निगम की सभी लगभग 40 महिला पार्षदों की उपस्थिति रहेगी। पूर्व में पार्षद रह चुकी महिलाओं को भी विशेष अतिथि के तौर पर सदन में आमंत्रित किया गया है। इसमें महिला पार्षदों की समस्याओं पर चर्चा होगी। उनके वार्डों में विकास की बातें होंगी। कैसे महिला पार्षद अपने कामों को और बेहतर कर सकती हैं। अधिकारियों के मुताबिक सदन में कैटर्स भी महिलाएं ही रहेंगी। नगर निगम का कोई पुरुष अधिकारी सदन में नहीं बैठेगा।

# 31 मार्च तक खाली करें अकबर नगर, फिर एलडीए करा ले साफ

### झुग्गीवासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देने का सरकार को निर्देश

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कुकरैल नदी के किनारे सरकारी जमीन पर चालीस साल से बसे अकबर नगर को 31 मार्च तक खाली करने का आदेष दिया है। कोर्ट ने कहा कि वहां अवैध कब्जा कर रहे झुग्गीवासी 31 तक वह जगह खाली कर दें। कोर्ट ने राज्य सरकार व लखनऊ विकास प्राधिकरण को 31 मार्च के बाद उस जगह को साफ करने की अनुमति दे दी है। झुग्गीवासियों की रहने की समस्या को देखते हुए इस बीच कोर्ट ने राज्य सरकार व एलडीए को आदेश दिया है कि वहां रहने वाला जो भी झुग्गीवासी ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए आवेदन करता है उसे फ्लैट आंवटित करके उसका पुर्नवास किया जाये।

यह आदेश जस्टिस विवेक चौधरी एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने राजू साहू सहित तमाम झुग्गीवासियों की ओर से दाखिल करीब 6 दर्जन रिट याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। कोर्ट ने झुग्गीवासियों की आर्थिक हालात का संज्ञान लेते हुए कहा कि यदि सरकार की ओर से दिये फ्लैट की किस्तें जमा करने के लिए दिये गये दस साल के समय में कोई झुग्गीवासी पूरी रकम नहीं जमा कर पाता है तो सहानुभूति दिखाते हुए उसे पांच साल तक का और समय दिया जायेगा। यदि फिर भी कोई झुग्गीवासी किस्तें नहीं जमा कर पाता है कि वह मुख्यमंत्री राहत कोश या किसी अन्य सरकारी योजना के तहत लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा। याचिकताओं की ओर से माना गया था कि वे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से काबिज हैं। किन्तु उनकी ओर से दलील दी गयी थी कि उन्हें सरकार की पुर्नवास नीति के तहत ही वहां से हटाया जा सकता है।

दूसरी ओर एलडीए की ओर से विशेष अधिवक्ता सुदीप कुमार एवं अनुज कुदेशिया का कहना था कि सरकार तो पहले से ही उन झुग्गीवासियों के पुर्नवास की बात कह रही है। यह भी तर्क दिया गया कि उक्त स्लम एरिया की सारी गंदगी गोमती नदी में गिरती है। यह नदी 50 लाख से अधिक लखनऊवासियों के लिए पेयजल का श्रोत है। कहा गया कि एनजीटी के तमाम दिशानिदेर्शों के तहत कुकरैल के निकट इस प्रकार की झुग्गी बस्ती नहीं रह सकती है। कोर्ट ने सारे पहलुओं पर गौर करने के बाद पाया कि एनजीटी के दिशानिदेर्शों के तहत कुकरैल के निकट उक्त झुग्गियां किसी भी हालत में नहीं रह सकती हैं। कोर्ट ने लखनऊवासियों के शुद्ध पेयजल के मूलभूत अधिकार की बात भी स्वाकारी तो वहीं यह भी माना कि झुग्गीवासियों को भी पुर्नवास का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि सरकार पहले ही झुग्गीवासियों के लिए पुर्नवास की स्कीम लायी है। इसके तहत उनका पुर्नवास हो जायेगा। हालांकि कोर्ट ने सरकार की स्कीम के कुछ प्रावधानों में अपनी ओर से छूट दे दी है। कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए रजिस्ट्रेशन की फीस पांच हजार रुपए से घटाकर एक हजार रुपए कर दी है। वहीं कोर्ट ने दस साल में फ्लैट की किस्तें न जमा कर पाने वालों को भी राहत देते हुए आदेश जारी किये हैं। कोर्ट ने अपने आदेश का लाभ केवल याचिकाकताओं तक ही सीमित नहीं रखा है। कोर्ट ने कहा कि उसके आदेश का लाभ उनको भी मिलेगा जो कोर्ट नहीं आ पाये हैं। कोर्ट ने कहा कि इच्छुक झुग्गीवासी दो हपते में ईडब्ल्यूएस फ्लैट पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### आज आठ और कॉम्प्लेक्स ध्वस्त होंगे



अकबर नगर में गुरुवार को फिर एलडीए का बुलडोजर चलेगा। यहां के आठ काम्प्लेक्स तोड़े जाएंगे। इनकी याचिकाएं अदालत ने खारिज कर दी हैं। ऐसे में इनके ध्वस्त कर ने का रास्ता साफ हो गया है। यह सभी काम्प्लेक्स अयोध्या मुख्य मार्ग पर बने हैं। 101 लोगों ने सरकारी जमीनों पर कब्जे करके यहां काम्प्लेक्स बना लिया था। इसमें से 24 काम्प्लेक्स एलडीए पूरी तरह से तोड़ चुका है। अब आठ को और गिराया जाएगा। अभी तक इन लोगों ने कहीं अपील नहीं की है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट जो लोग गए थे, उनमें से किसी को राहत नहीं मिली है।

### एलडीए लगायेगा कैंप

कोर्ट के आदेश के बाद एलडीए अकबर नगर में झुग्गीवासियों के लिए पीएम आवास में पंजीकरण कराने के लिए कैंप शुरू करेगा। इसकी तैयारी कर ली गई है। हालांकि प्राधिकरण ने पहले से यहां कैंप लगा रखा है। अब कोर्ट के आदेश के तहत नए सिरे से अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एलडीए 7 मार्च से 21 मार्च तक तीन विशेष शिविर लगायेगा। इसके साथ ही पहले से आवेदन देने वाले लोगों का सत्यापन भी करा लिया गया है। उन्हें बसंतकुंज योजना पुर्नवासित कराने के लिए भी कार्रवाई की जाएगी।

### अकबर नगर के सैकड़ो कनेक्शन काटेगा लेसा

निशातगंज के अकबरनगर मे अवैध तरीके से रह रहे लोगों के घरो में दस वर्ष पुराने बिजली के कनेक्शन कटे गें। इसके लिए लेसा के अधिकारियों ने ऐसे घरो में नोटिस पहले ही दे दिया है। जहां भी बिज ली कनेक्शन लगा है और घर लो गों ने खाली कर दिया है तो उनके घरो में लगा मीटर उतार लिया जायेगा। वहीं दूसरी तरफ जिन मीटर में बिल बकाया डब्लैूएक्स बकाया होने के बाद कोई भी वसू ली नही हो रही है। लेसा ट्रांस गोमती महानगर के एक्सीएन भावेश सक्सेना ने बताया कि जहां पर इस लोगो को समायोजित किया जा रहा है वहां पर बिल भेजा जायेगा।

## उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट कल से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड द्वारा 8 मार्च से 10 मार्च तक आगरा के हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्राउंड में खेला जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड अध्यक्ष शौकत अली सचिवअनीश राजा कोषाध्यक्ष मधु यादव सहित सदस्यों ने दी। उन्होंने बताया कि इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जाये जिससे उत्तर प्रदेश ब्लाइंटक्रिकेट टीम को और मजबूती मिलेगी ,और अच्छे-अच्छे खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे इसी कड़ी में यह टूर्नामेंट जिसमें 6 टीमें भाग ले रही हैं नंबर एक लखनऊ नंबर दो कानपुर नंबर तीन गोरखपुर नंबर 4 मेरठ नंबर पांच आगरा नंबर 6 बांदा टोटल 90 खिलाड़ी भाग लेंगे जो अच्छा परफॉर्मेंस करेंगे उनको उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित किया जाएगा ।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं



**लखनऊ।** शिया पीजी कालेज, लखनऊ में दो दिवसीय एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024 तहजीब-ए-अवध थीम की खूबसूरत यादें देकर विदा हो गया। यूथ फेस्ट के इन लम्हों को शिया कालेज के छात्र/छात्राओं ने हमेशा के लिए अपने कैमरे में कैद कर लिया व हमेशा के लिए उनके जेहन में रचा-बसा रहेगा। आज के कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण गजल, बैतबाजी व नुक्कड़ नाटक रहे। बैतबाजी कार्यक्रम का आयोजन शिया कालेज में पहली बार किया गया। इस तरह का आयोजन अभी तक किसी भी कालेज द्वारा नहीं किया गया है। बैतबाजी की टीमों के नाम प्रख्यात शायरों के नाम पर रखे गये थे जैसे मिर्जा गालिब, फैज अहमद फ़ैज़, मजाज लखनवी आदि।गलज गायिकी पर उपस्थित छात्र/छात्राओं ने खूब हर्षोल्लास के साथ आनन्द लिया। शिया पी0 जी0 कालेज के प्रतिभागी नीरज शर्मा ने जब मेंहदी हसन की गायी हुई गजल रंजिश ही सही दिल दुखाने के लिए आ गायी, तो हाल में उपस्थित तमाम छात्र/छात्राओं ने भी उनके साथ गाना शुरू कर दिया। इस वातारण में पूरा हाल आनन्दित होकर झूमने लगा।नुक्कड़ नाटक का मंचन आज के आयोजनों का प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा। यह सबसे ज्यादा भीड़ जुटाने में भी सफल रहा। सभी टीमों का उत्साहवर्धन करने हेतु भारी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे और छात्र/छात्रायें नुक्कड़ नाटक का मंचन देखकर प्रफुल्लित हो गये। कार्यक्रम का संचालन कर रही कल्चरल कमेटी की समन्वयक प्रो0 जर्रीन जेहरा रिजवी ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दो दिवसीय एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024 का आयोजन ह्यतहजीब-ए-अवध थीम के साथ 05 और 06 मार्च को किया गया।

## नारी का सम्मान सर्वोपरि : भूपेंद्र चौधरी

### नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर के तत्वावधान में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में सभी 110 वार्डों में शक्ति वंदन अभियान के आयोजन हुए। राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अभियान का समापन बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। लखनऊ महानगर पर समापन कार्यक्रम का आयोजन कैंट विधानसभा मंडल 1 तुलसी उद्यान, गीता पल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, प्रदेश उपाध्यक्ष महानगर प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी, समाज सेविका नम्रता पाठक मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं के साथ सुना गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सिंह ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पास होने से महिलाओं को नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा तथा महिलाएं भी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का मजबूती से निर्वहन कर सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। जिसको विस्तृत रूप से बताने के लिए पार्टी ने हर विधानसभा में महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित किये। मोदी ने इस अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देकर महिलाओं को सम्मान दिलाने का काम किया है। महिलाओं के हित में केंद्र और प्रदेश सरकार ने बहुत सी योजनाएं चलायी है, जिसका लाभ हर वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। हमारी सरकार महिलाओं की सुरक्षा का लेकर भी पूर्ण कटिबंद्ध है और नारी का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जारी जनकल्याणकारी योजनाओं में महिलाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है अब सरकारी योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजना बनायी जाती है।

● लाइव प्रसारण से प्रधानमंत्री मोदी ने अभियान का किया समापन

## पीडब्लूडी का ठेकेदार करा रहा घटिया काम

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को आशियाना में खजाना चौराहे से स्मृति उपवन तक हो रहे इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का स्थलीय औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था की घोर अनियमितता मिली। ठेकेदार की ओर से निर्माण कार्य में पुराने इण्टरलॉकिंग को दोबारा लगाया जा रहा था। गिट्टी की जगह सिर्फ बालू की भराई की जा रही थी। हालांकि यह कार्य नगर निगम की ओर से नहीं कराया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से यह काम कराया जा रहा है। इसकी जानकारी पर होने पर मेयर ने लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद एवं इंजीनियर मनीष वर्मा को दूरभाष से अवगत कराकर कड़ी कार्यवाही की बात की। महापौर ने सख्त चेतावनी जारी की कि लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी फण्ड का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्यवाही होगी।

## नगर विकास की परियोजनाओं का 12 को होगा लोकार्पण




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 मार्च को करेंगे। नगरीय निकाय निदेशालय स्थित विशाखा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

नगर निगम लखनऊ की पहली आवासीय योजना अहाना इन्क्लेव, स्मार्ट सिटी रोड के अलावा अन्य निकायों की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया जाना है। इसके अलावा लखनऊ में वार्ड विकास प्राथमिकता, महापौर तथा नगर आयुक्त की संस्तुति से पूरे हो चुके कार्यों का लोकार्पण महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। जोन एक, दो व छह के कार्यों का लोकार्पण नौ मार्च को झण्डी पार्क, नगर निगम मुख्यालय, जोन तीन, चार व सात के लिए 10 मार्च को कल्याण मंडप महानगर तथा जोन पांच व आठ के लिए 11 मार्च को मानसरोवर योजना कल्याण मंडप में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

## मुंबई को हरा उत्तर प्रदेश फाइनल में, 10 को कर्नाटक से होगी भिड़ंत

**कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी**

**लखनऊ/कानपुर।** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी के गेंदबाज विपराज निगम और शुभम मिश्रा की गेंदबाजी के आगे मुंबई के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। मैच के अंतिम दिन दूसरी पारी में मुंबई की टीम 43.2 ओवर में 203 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। यूपी ने यह मैच पहली पारी की बढ़त के आधार पर 178 रनों से जीत दर्जकर फाइनल में पहुंच गई। यूपी का फाइनल मुकाबला 10 मार्च से कर्नाटक से होगा। यह मुकाबला कर्नाटक में ही खेला जाएगा। यूपी की टीम गुरुवार को शहर से कर्नाटक के लिए रवाना होगी।

पहले दो दिन बारिश की वजह से बाधित हुए तीसरे तीसरे दिन के खेल में मेहमान मुंबई की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। यूपी की ओर से आराध्य यादव ने 123 रन,कप्तान समीर रिजवी ने 89 और सिद्धार्थ के 81 रन की शानदार पारी की बदौलत यूपी की टीम ने 136.5 ओवर में 10 विकेट होकर 381 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में उतरी मुंबई की टीम के बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर नहीं टिक सके। अंगरिष रघुवंशी ने 38, सूर्यांश ने 50 और अथर्व ने 62 रनों की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज रनों में दहाई का अंक भी नहीं छु पाया। ओपनर बल्लेबाज दिव्यांश सक्सेना 3, सुवेद पार्कर 10 रन , धनित 9 रन बनाकर पेवेलियन लौट गए। वहीं, हरसल यादव, हिमांशु सिंह, अहरवा भोसले बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

यूपी के गेंदबाज कुनाल त्यागी ने चार ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट झटके तो शुभम मिश्रा ने 14 ओवर में 51 रन देकर तीन विकेट लिए। विपरज निगम ने 15 ओवर में 61 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। कृतज्ञ सिंह ने 5 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया।

# नयी कंपनी ने गोमती नगर में शुरू किया कूड़ा कलेक्शन

● नगर विकास मंत्री ने लखनऊ स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

● जन सहयोग से 6 महीने में लखनऊ बनेगा स्वच्छ : महापौर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के पांच जोन में हैदराबाद की कंपनी रामकी ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में कंपनी ने जोन चार के वार्डों से काम शुरू किया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को लखनऊ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में सफाई के एक नए अध्याय की शुरूआत हुई।

लखनऊ को देश के स्वच्छतम नगरों में प्रस्थापित करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह सहित सफाई कार्य की एक नई व्यवस्था का शुभारंभ किया जा रहा है। मनुष्य-मशीन और टेक्नोलॉजी के उपयोग से प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, पार्षदगण व बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। गोमती नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद चौक, हुसड़िया के पास लखनऊ स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लखनऊ में एक लम्बे समय के बाद अच्छे काम की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि शिवरी



प्लांट में ढेर 26 हजार मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण 16 महीने में करते हुए उस जगह को एक सुंदर बगीचे में तब्दील कर दिया जायेगा। उन्होंने कह कि ऐसी स्थिति बनाइये कि इंदौर भी कहे कि हम लखनऊ की तर्ज पर सफाई व्यवस्था करेंगे। कहा कि अगले 6 महीने में ही लखनऊ स्वच्छ हो जायेगा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि शहर की हर एक गली को स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे और इसके परिणाम भी दिखने लगे हैं। अब हमारा संकल्प है कि हम लखनऊ के हर घर से कूड़ा उठाएंगे, इसके लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं।

लखनऊ स्वच्छता अभियान की शुरुआत अभी जोन चार के वार्डों से की गई है। मंगलवार को कूड़ा सेग्रीगेशन के लिए 150 इलेक्ट्रिक गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई। हैदराबाद की रामकी कंपनी की सिस्टर कंसर्न कंपनी चेन्नई एमएसडब्लू को लखनऊ के 77 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान, नाली व सात मीटर सड़क सफाई, ट्रांसपोर्टेशन की जिम्मेदारी दी गई है। पहले चरण में कंपनी को 89 दिनों तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम दिया गया है। काम बेहतर होने पर आगे वार्ड की संख्या बढ़ाने के साथ ही झाड़ू लगाने का काम दिया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक : 158/टी.सी.-04/2023-2024 दिनांक 06.03.2024

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में **''स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 अन्तर्गत आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय''** परियोजना 02 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 06.03.2024 समय पूर्वान्ह 11 बजे से | दिनांक 11.03.2024 समय अपरान्ह 05 बजे तक | दिनांक 12.03.2024 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

# जीवन शैली से ही हमारा संगीत जुड़ा है : कैलाश खेर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जाने माने सिंगर कैलाश खेर के संगीत को उनके चाहने वाले फिल्मों से लेकर लाइव शोज तक में पसंद करते हैं। जल्द ही वह भारतीय लोक संगीत को बढ़ावा देने वाले टैलंट : शो को लेकर आ रहे हैं। उन्होंने वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत में अपने बचपन, फैंस से मिले प्यार और अपने शेड्यूल को लेकर बात की।

बीते साल की हिट फिल्मो शाहरुख खान की जवान से लेकर अक्षय कुमार की ओएमजी 2 से लेकर इस साल पकज त्रिपाठी की मैं अटल हू तक के सुमधुर गानो तक को अपनी आवाज देने कैलाश खेर की गिनती देश के नामी गायको में होती है। पिछले दिनो एक इवेट मे खुद शाहरुख ने कैलाश का शुक्रिया अदा किया था। अब तक करीव हिंदी, कन्नड़, तेलुगू, तमिल, मलयालम, वाग्ला, गुजराती, मराठी, भोजपुरी, उर्दू और उड़िया समेत दस भाषाओ मे सैकड़ो गाने गा चुके कैलाश सिगर के साथ साथ राइटर और कपोजर भी है। कैलाश ने आगे कहा कि भारत में हमारी जीवन-शैली से ही हमारा संगीत, कला और शिल्प जुड़े रहे हैं। हमारे यहां प्रार्थनाएं, आरती, मनोरथ गाए जाते हैं। युगों से यह परंपरा लोक संगीत के माध्यम से चली आ रही है। इसके बावजूद लोक संगीत को भुला दिया गया, जबकि इसी से निकले फिल्म संगीत को चौतरफा लोकप्रियता मिली।

### श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास

अलग-अलग तरीके के टैलेंट हंट शो के बीच पद्मश्री गायक कैलाश खेर ने लोक संगीत और लोक विधाओं पर आधारित पहला टैलेंट हंट शो भारत का अमृत कलश तैयार किया है। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों की प्रतिभाएं अपना हुनर दिखाएंगी। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में सभी लोक संगीतकार अपनी भाषा और वेशभूषा में अपने क्षेत्र का लोक संगीत प्रस्तुत करते नजर आएंगे। भारत का अमृत कलश कार्यक्रम की अवधारणा से लेकर संकलन और निर्माण तक सारे कार्य कैलाश खेर ने खुद ही किए हैं। कैलाश खेर ने कहा कि यह पीएम नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार करने का प्रयास है। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का खासा सहयोग रहा है। शो के 52 एपिसोड होंगे, जिनमें से 35 की शूटिंग मुंबई में पूरी हो चुकी है।

### लोक संगीत बचपन से ही मेरी पसंद

लगातार देश-विदेश में लाइव शोज और फिल्मो व एलवम के लिए गाने तैयार करने के चलते कैलाश खेर का शेड्यूल काफी विजी रहता है। इसे वह कैसे मैनेज करते हैं। इस बारे मे कैलाश कहते हैं, 'इतना सब कुछ मैनेज करने के लिए मुझे कड़ी साधना करनी पड़ती है। खासकर मैं इस वात का भी ध्यान रखना हूं कि म्यूजिक टूर पर भी मैं घर का बना विना तेल मसाले का भोजन करू।' जल्द ही कैलाश खेर लोक संगीत पर टैलट हट शो भारत का अमृत कलश लेकर आ रहे है। अपनी इस नई पहल के बारे मे उन्होने बताया, 'मेरा बचपन गुरुओ के आश्रमो मे वीता है। मैं भारत के लोक संगीत को बचपन से पसद करता हूं। आपको याद होगा कि बचपन में कुछ वावा लोग सारगी बजाकर भिक्षा लेने घरो पर आते थे, लेकिन उनकी अगली पीढ़ी ने उसमे करियर नही वनाया। मैं चाहता हूँ कि वह सगीत जिदा रहे। अपने करियर की शुरूआत में सफलता मिलने के बाद ही मैंने सोचा था कि भारतीय सगीत को आगे बढ़ाना है। लेकिन तब बात नही बनी। अब हम इस शो में देश के कोने-कोने से आने वाले लोक सगीतकारो को अपना टैलट दुनिया को दिखाने का मौका देगे। मैं इस शो मे महागुरु का रोल प्ले कर रहा हूँ।

**मैं अपने को सबसे खुशनसीब मानता हूं:** इसके अलावा वह अपने म्यूजिक बैड कैलाशा के माध्यम से देश-विदेश में काफी सख्या मे लाइव शोज प्रस्तुत करते हैं। जाहिर है कि इसके चलते उन्हें काफी ट्रैवल भी करना पड़ता है। इस बारे मे बात करने पर कैलाश खेर कहते है, 'यह सच है कि मैं लगातार देश के अलग अलग इलाको और विदेशो में भी लाइव शोज करता हूँ। दरअसल, मुझे लोगो से सीधे रूबरू होना अच्छा लगता है। शायद यही वजह है कि मुझे अपने चाहने वालो से काफी प्यार भी मिलता है। कई बार मै लोगो की वाते सुनकर हैरान रह जाता हूँ। मसलन पिछले दिनो एक गर्भवती महिला ने मुझसे कहा कि जब वह मेरा सगीत सुनती है, तो गर्भ में हलचल होने लगती है। वही एक दूसरे प्रशसक ने बताया कि उनकी माताजी ने इस दुनिया से जाते वक्त कहा कि कैलाश खेर का सगीत बजा दो, मेरा अव जाने का समय हो गया है। उन्होने मेरे गीत सुनते हुए दम तोड़ा। मेरा मानना है कि इस दुनिया में आते और जाते वक्त इसान के भाव पवित्र होते हैं। अगर मुझे आती और जाती आत्मा का प्यार मिल रहा है, तो मैं अपने को सबसे खुशनसीब मानता हूँ।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा ऑनलाइन 10 दिवसीय शक्ति द पावर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 6 मार्च से शुरू हुई ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में 85 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लेते हुए महिला सशक्तिकरण पर खूबसूरत रंगों से चित्रण किया।

प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कनक गोंड ने प्रथम, जन्नत अशरफ शेख द्वितीय, गुनगुन कौर कृष्णा मिश्रा ने तृतीय, इशानी श्रीवास्तव, अर्शजोत सिंह ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में बुशरा ने प्रथम, मन्नत अशरफ शेख तृतीय युवराज शाह और शाहीन ने द्वितीय और कृतिका सिंह, अंबिका वर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन मास्टर ऑफ फाइन आर्ट वीरांगी श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रंजना डीन ने किया। प्रतियोगिता में पदुमनाथ, शिवगढ़ रामपुर, पदुमनाथ, रायबरेली की प्रधाध्यापिका लता शुक्ला, यू.पी.एस. महिपतमऊ काकोरी विद्यालय की सहायक अध्यापिका आलमा बेगम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना रहें।

# श्रीमनकामेश्वर में माता पार्वती को लगायी गयी मेंहदी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्रीमनकामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पूर्व मनाए जा रहे भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को मां पार्वती को मेंहदी लगाई गई। इस सुंदर आयोजन के दौरान मंदिर भोलेबाबा के मधुर विवाह गीतों से गुंजायमान रहा।

मेंहदी की रस्म के दौरान मंदिर में बने विवाह मंडप के नीचे बैठी भक्त महिलाएं दो पक्षों में बट गईं। देवी पक्ष की महिलाओं ने माता पार्वती को मेंहदी लगाई। वहीं भोलेबाबा की पक्ष की महिलाएं अपने घरों से शगुन का सामान जैसे चूड़ियां, लाली, महावर, काजल, बिंदी के अलावा साड़ियां और फल-मिठाई भी लाईं। सभी ने मिल कर शगुन माता को चढ़ाया। मेहंदी उत्सव में शामिल सुनीता गुप्ता, किरण कपूर, ज्योति जायसवाल, गौरजागिरी व मुख्य सेविका उपमा पाण्डेय सहित अन्य महिलाओं ने देवी पार्वती और भोलेनाथ के विवाह के गीत गाए। मंदिर की महंत देव्यागिरी जी ने देवाधिदेव महादेव के विवाह उत्सव के लिए सभी को न्यौता दिया है।

# श्री श्याम निशानोत्सव में बहेगी भजन व नृत्य की बयार

## राजधानी में कल से शुरू होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम, सामूहिक कन्या विवाह समारोह 21 अप्रैल को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय 41वां श्री श्याम निशानोत्सव का आयोजन ऐशबाग के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क, लखनऊ में किया जाएगा। शहनाई सांवरे की भजन संध्या को सुशोभित करने के लिए 8 मार्च को कोलकाता के संजय शर्मा, नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय और 9 मार्च को फतेहाबाद की परविंदर पलक, कानपुर से कुमार मुकेश ग्रुप, मास्टर तरंग बाबा श्याम के भजनों से भक्तों को समोहित करेंगे।

इस बार विशेष आर्कषण केंद्र उज्जैन एवं महाराष्ट्र के नृत्य संगीत ग्रुप द्वारा रंगारंग नृत्य का मंचन किया जाएगा। 8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती एवं 9 मार्च शनिवार को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम आधारित नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इस बात की जानकारी प्रेसवार्ता में मंडल समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल और मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने संयुक्त रूप से दी। इसके अलावा संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सुरेश कंछल ने बताया कि इस बार 50 फिट ऊंचा और 80 फिट चौड़े भव्य राजमहल में बाबा श्याम विराजमान होगे। भव्य राजमहल का निर्माण कार्य गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर, कोलकाता के असीम मात्या व सहयोगी कारीगारों द्वारा पिछले 15 दिनों से तैयार करने में जुटे हुए हैं। श्याम दरबार को सुशोभित करने में तलवार टेंट के अमन तलवार, घनश्याम अग्रवाल एवं अवस्थी लाइट एंड सांउड बाबा के चरणों अपनी सेवा समर्पित कर रहे है। कानपुर के श्री बाजोरिया जी से खाटू नरेश का निशान लाया जाएगा। मुकेश अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल ने बताया कि 10 मार्च रविवार को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो तिलकनगर से प्रारंभ होकर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटूधाम मंदिर पर समाप्त होगी। इस बार शोभायात्रा में भी प्रथम बार उज्जैन एवं महाराष्ट्र के कलाकार प्रस्तुति करते हुए दिखाई देगे। शहनाई सांवरे की भजन संध्या का सजीव प्रसारण सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। भक्तों के लिए 360 डिग्री का सेल्फी कार्नर भी रहेंगा। सचिन और मुकेश ने बताया कि बुधवार 13 मार्च को श्याम भक्त बस से खाटू धाम यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे जहां बाबा श्याम को निशान चढ़ाया जाएगा। अशोक जी तथा मोती कँछल ने बताया कि सामाजिक सेवा कार्यों के क्रम में मंडल समिति ने रविवार 21 अप्रैल 2024 को महाराजा अग्रसेन विद्यालय, मोतीनगर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजित किया जाएगा। इस प्रेसवार्ता में अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, विवेक गोयल, योगेंद्र, सचिन, मुकेश, सक्षम एवं मंडल समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### सनातन महासभा का जीपीओ पर धरना आज

**लखनऊ।** सनातन महासभा भारत, सनातन धर्म के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी कि भारत कभी एक राष्ट्र नही उपमहाद्वीप है इसका कोई धर्म नही है, करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का विरोध करेगा। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार को अपराह्न 1 बजे गांधी प्रतिमा हजरतगंज में द्रमुक सांसद ए. राजा के विरोध में धरना दिया जाएगा और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

# साहित्य कला संस्कृति की किताबें कर रहीं आकर्षित

- रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेले का पांचवां दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** चारबाग स्टेशन के सामने रवीन्द्रालय लान मे में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला पाण्डाल में आज आम पाठक और पुस्तक प्रेमियों के बीच अनाथालय के बच्चों-युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। मेले में कल जहां विधानासभाध्यक्ष सतीश महाना पुस्तकों का विमोचन करेंगे, वहीं साहित्य कला संस्कृति की थीम पर आधारित मेले जलरंग चित्रों की विशिष्ट वाश शैली का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रारम्भ हो जायेगा।

पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने में सरकारी प्रतिष्ठानों की भूमिका अहम है। आम प्रकाशन जहां बिक्री की दृष्टि से किताबें प्रकाशित करते हैं, वहीं सरकारी प्रतिष्ठान भाषायी संस्कार, संस्कृति और विषयानुकूल पुस्तकों के प्रकाशन को महत्व देते हैं। मेले में प्रकाशन विभाग भारत सरकार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, नेशनल काउंसिल फार प्रमोशन आफ उर्दू लैंग्वेज नई दिल्ली की इतिहास, संस्कृति, परम्पराओं, लोक साहित्य, प्रमुख हस्तियों और साहित्य की विविध पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू में हैं। आम तौर पर मेले में हर पुस्तक पर 10 प्रतिशत छूट है, पर इन स्टालों में किताबों पर अधिक छूट मिल रही है। मेले में आज राज्यसभा सांसद ब्रजलाल ने भी भ्रमण किया। उनकी दो किताबों का विमोचन मेले में नौ मार्च को होना तय है। मेला मंच पर आज विश्वम महोत्सव के अंतर्गत वासुदेव डिग्री कालेज के विद्यार्थियों पूजा, सारिका व वर्षा ने गीत प्रस्तुत किये तो मुस्कान और हिमांशी ने नृत्य, अक्षत शर्मा ने गिटार के साथ मधुर गीत गाया। इसी क्रम में विभिन्न श्रेणियों के बच्चों और जोखिम वाले युवाओं के पुनर्वास केंद्र डान बास्को असायलम मोहनलालगंज के अली मुहम्मद, सतेंद्र कुमार, अमन विजेता, अंकित, विवेक, विष्णु बहादुर, अमित जैसे बच्चे और युवा निदेशक फादर बिमल केरकेट्टा के संग पुस्तक मेला भ्रमण पर आए और मंच पर गीत संगीत भरी अपनी मनोरंजक और जागरूकता भरी प्रस्तुतियां दीं। कविता लोक के कार्यक्रम में काव्य समारोह के साथ काव्य समस्या पूर्ति निवारण भी हुआ। आचार्य ओम नीरव के निर्देशन मे लगभग चालीस से भी अधिक साहित्यकारों ने आयोजन में प्रतिभाग किया। छन्द, मुक्तक, कुण्डलियां आदि का लेखन करने वालों को त्रुटियां समझायी गयीं और सुधार बताया गया। समस्या पूर्ति शिरोमणि सम्मान मधु दीक्षित के संग सुधा रविन्द्र इतयादि विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नव सहानुभूति की ओर से आयोजित काव्य गोष्ठी में शृंगार, आध्यात्मिक, हास्य और अन्य रंगों की रचनाओं का पाठ किया।

# 51 महिलाओ को सरल केयर नारीश्री सम्मान

- यूपी प्रेस क्लब में सेमिनार और महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरल केयर फाउंडेशन महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य और लैंगिक भेदभाव की तरफ समाज का ध्यान आकृष्ट करने के लिये महिला दिवस के उपलक्ष्य में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (लखनऊ मंडल) के सहयोग से यूपी प्रेस क्लब में सेमिनार और महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लखनऊ दुग्ध संघ (पराग) की अध्यक्ष शिखा तोमर के साथ वक्ताओं के रूप में लोकभारती से मोनिका भोनवाल, पूर्व अपर महाधिवक्ता सुनीति सचान, महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुनीता चन्दा, शिक्षाविद ललिता प्रदीप यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (लखनऊ मंडल) के अध्यक्ष शिव शरण सिंह, हसीब सिद्दकी, सरल केयर फाउडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्जवलित कर किया। रीता सिंह ने कहा कि संस्था स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिये काम करती है इन क्षेत्रों में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही है. उनका उत्साह बढ़ाने और महिला मुद्द्दो पर जागरूकता के लिये यह सेमिनार और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में सरस केयर फाउडेशन ने समाज की अग्रणी भूमिका निभाने वाली 51 महिलाओं को 'नारीश्री सम्मान से सम्मानित किया। इनमें पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय लक्ष्मी, नीलम सिह, रचना मोहन, रेखा पाडेय, तेजस्वनी सिंह, निधि शर्मा, मीनाक्षी तिवारी, संगीता सिंह, डाक्टर लीना मिश्र, आयुषी वर्मा, अंजलि तबडे, अनामिका मौर्य, डाक्टर अंजू वाष्णेय, गरिमा रस्तोगी, डाक्टर रजना डीन, डाक्टर अनुपम बाछिल, गुजन वर्मा, संजू सिह, रीना त्रिपाठी, पुनीता भटनागर, प्रियका पाडेय, शिखा शर्मा, अलका सहाय, पूजा सिह शुभी शुक्ला, काजल सोनी, रीता प्रकाश, अनामिका सिंह, वेदिका द्विवेदी, रानू सिंह, प्रमिला मिश्रा, जया मिश्रा, अजलि सिह राजपूत, अमिता सिंह, रूचि रस्तोगी, रश्मी सिह, पूजा श्रीवास्तव और रोशेल सिंह को दिया गया। कार्यक्रम में राजेश राय, मनोज सिंह, इन्द्रेश रस्तोगी, अनुराग महाजन और आईपी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी...की प्रस्तुति ने दिल जीता

- सेवा संकल्प द्वारा बाल उत्सव-2024 का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सेवा सकल्प द्वारा आयोजित बाल उत्सव 2024 एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ लखनऊ स्थित उ.प्र. संगीत नाटक अकैडमी, गोमती नगर में मुख्य अतिथि डॉक्टर सरजीत सिंह डग एवं हरिश्चंद्र पंत अध्यक्ष उत्तराखंड महापरिषद लखनऊ के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

सस्था के संस्थापक शिवकुमार श्रीवास्तव शिवेश ने बताया की सेवा संकल्प संस्था विगत 32 वर्षों से बिना किसी सरकारी अनुदान के उत्तर प्रदेश उत्तराखंड एवं पंजाब में सामाजिक उत्थान विशेषकर मलिन बस्तियों ग्रामीण बच्चों, महिलाओं के शैक्षिक एवं नैतिक एव स्वास्थ्य के उत्थान हेतु सतत प्रयत्नशील है। सस्था विभिन्न जनपदों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, निशुल्क शिक्षा केदो, निशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण केदो, आधुनिक व्यायामशालाओं का संचालन निर्धन मेधावी छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है इसके अतिरिक्त समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों महिलाओं के स्वास्थ्य एवं आर्थिक रूप से स्वावलबी बनाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी करती है तथा विभिन्न प्रकार के आपदाओं में आवश्यकता अनुसार सामाजिक हित के कार्य करती है यहां यह बताना आवश्यक है कि यह सभी कार्य संस्था के सदस्यों एवं दानदाताओं के सहयोग से करती है। इस अवसर पर बच्चे विभिन्न प्रकार के सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते है। आज के बाल उत्सव का शीर्षक कलर्स ऑफ इंडिया रखा गया जिसमे बच्चों ने संस्कृतीक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना से हुआ जिसे कार्तिक नयाल, गौरव विष्ट, सूजल, प्रियांशु, संयम, लाखन और अजय ने पेश किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गरिमा ने राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी..., श्रद्धा गौतम, अंशिका, अफसाना, तमन्ना, आरती, आलोक और आकाश ने हर-हर शंभू...गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। इसके पश्चात राम भजन पर नृत्य अनवी, गुनगुन, नैन्सी, दिवयानशी ने पेश किया। संस्थान की ओर से सामाजिक कार्य में लगी विभूतियों में शामिल बाल सचिन गुप्ता, मीनल रस्तोगी, विजय सिंह यादव, ट्विंकल मारिया, अनीता सूद, लवलीन छाबड़ा, नंदिनी आंदन, शिव बिहारी अग्रवाल, निरुपमा अग्रवाल, असीम चावला, सतीन्दर कौर, संचित रस्तोगी आदि को सम्मानित किया गया।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) फोन नं0: 0522-2307845, 2307839, 2307833, वेबसाइट "http://www.ldalucknow.co.in"

### -: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 बासदेव लाल श्रीवास्तव | भूखण्ड सं0-794 | उदयन-1 रायबरेली रोड शारदा नगर योजना | 22.04.2023 | 1. श्रीमती रेखा श्रीवास्तव 2. नेहा श्रीवास्तव, 3. निधि श्रीवास्तव, 4. शुभम श्रीवास्तव | ---- | पत्नी, पुत्री, पुत्री, पुत्र |
| 2. | स्व0 श्रीमती रंजना त्रिपाठी (मृतक) | व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-CP-3/1 | वास्तु खण्ड, गोमती नगर योजना लखनऊ | 21.12.2020 | श्री कुशाग्र त्रिपाठी | ---- | पुत्र |
| 3. | श्रीमती नीलम गुलाटी | भवन सं0-एम0डी0-74 | कानपुर रोड योजना | 21.03.2014 | 1. श्रीमती मीता गुलाटी | ---- | पुत्री |
| 4. | श्री आर0के0 कलानी | भवन संख्या-09 | आई0टी0 कालोनी | 17.05.1980 | श्री रोहित आहूजा | सुशीला आहूजा, दीप्ति आहूजा, दिशा भारद्वाज | पुत्री, पुत्रवधू, पौत्री |
| 5. | श्री हफीजुल्ला खान व श्रीमती अजरा हफीज | भूखण्ड संख्या-के-321ए / 319ए | सेक्टर-के आशियाना, कानपुर रोड योजना | 01.11.2013 व 22.01.2013 | श्री साकिब हफीज | मा0 न्यायालय सिविल जज, (सी0डि0) लखनऊ | पुत्र |

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संख्या-116 वर्ष 2019, सी0एन0आर0 नं0 यू0पी0एल0के0 5-000816-2015 प्रकीर्ण वाद संख्या-80 / 2015 साकिब हफीज बनाम जायदार स्व0 हफीजुल्ला एवं श्रीमती सयमा हफीज योजित किया गया। मा0 सिविल जज (सी0डि0), लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2019 में यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है एवं आपको उक्त (ऋण) प्राप्त करने (ब्याज) लाभान्श परकाम्य करने (हस्तान्तरण) उन प्रतिभूतियों को एकत्र करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# विपक्ष का सेल्फ गोल

यह कोई पहला मौका नहीं है जब विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित कमेंट किया है। इससे पहले गुजरात चुनावों के दौरान मौत का सौदागर, दस शीष वाला रावण, चाय वाला, चौकीदार चोर है जैसे कमेंट किये गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हर अपने ऊपर की गयी निजी टिप्पणियों को चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाकर विपक्ष को पटखनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जिस तरह विपक्ष प्रधानमंत्री की मुद्दों के आधार पर आलोचना से आगे बढ़ते हुए निजी और अमर्यादित कमेंट पर उतर आता है, उससे तो यही लगता है कि विपक्षी दलों ने इतनी हार के बावजूद अभी कोई सबक नहीं सीखा है। अगर कोई सबक सीखा होता, तो लालू प्रसाद यादव जैसे अनुभवी नेता प्रधानमंत्री मोदी पर 'मोदी का कोई परिवार नहीं है' या 'मोदी हिन्दू नहीं है', जैसे अमर्यादित कमेंट नहीं करते। लालू प्रसाद यादव ने मोदी पर यह टिप्पणी बीते रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महारैली में की। जिस मंच से बोलते हुए लालू यादव ने मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी की उस मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल खरगे, राहुल गांधी, सीपीआईएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा जैसे बड़े नेता मौजूद थे। इसके बावजूद किसी ने इस पर खेद व्यक्त करने या कम से कम अमर्यादित शब्दों को वापस लेने की जरूरत भी नहीं महसूस की। कुल मिलाकर विपक्ष ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को एक मुद्दा दे दिया और अगले ही दिन भाजपा और उसके अनेक सहयोगियों ने 'मोदी का परिवार' कैंपेन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग पूर्व में और इस बार भी नेताओं को सख्त हिदायत दे चुका है कि वे किसी की जाति, धर्म, भाषा पर अनावश्यक कमेंट न करें और न ही इसके आधार पर वोट मांगे। इसी तरह कुछ नेताओं को भी चुनाव आयोग ने सलाह और चेतावनी पूर्व में दी है, कुछ नेताओं को चुनाव प्रचार से रोका भी है। इसके बावजूद नेता हैं कि मानते ही नहीं। लालू प्रसाद यादव की पहचान एक 'सियासी मसखरे' की रही है। उनके भाषणों को सुनकर लोग हंसते हैं, मनोरंजन करते हैं, लेकिन उनको गंभीरता से लेने वाले बिहार के बाहर बहुत कम लोग हैं। हां उन्होंने एक सियासी समीकरण बनाया है जिसको उनके ही पुत्र तेजस्वी यादव 'माई-बाप' पार्टी कहते हैं। ऐसे माई-बाप समीकरण से न तो देश का भला होने वाला है और न ही किसी राज्य का। स्वयं लालू प्रसाद यादव ने अपने शासन के दौरान बिहार का क्या हाल किया था यह पूरा देश जानता है। इसलिए नेताओं को चुनाव के दौरान मुद्दों पर बात करनी चाहिए। मुद्दों के आधार पर अपने प्रतिद्वंदी की आलोचना या सराहना करनी चाहिए। निजी टिप्पणियों व अमर्यादित शब्दों से बचना चाहिए ताकि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनाव गौरवपूर्ण तरीके पूरी सम्पन्न हो। वैसे लालू प्रसाद द्वारा की गई टिप्पणी हताशा को दर्शाती है। नरेन्द्र मोदी परिवारवाद की राजनीति के घोर विरोधी हैं। परिवारवाद की राजनीति को ही आधार बनाकर मोदी अपने विरोधियों को हमेशा कटघरे में खड़ा करते हैं। जहां तक परिवार की बात है, तो मां के प्रति उनके भावों को उनके मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के दौरान हुईं मुलाकातों से संबंधित वीडियो को देखकर भलीभांति समझा जा सकता है। इस बारे में कुछ कहने या बताने की जरूरत नहीं। अपने भाइयों व अन्य रिश्तेदारों को उन्होंने अन्य नेताओं की तरह कोई राजनीतिक ओहदा या लाभ नहीं दिया। मोदी का परिवार आज भी सामान्य नागरिक की तरह रहते हैं। इससे मोदी की छवि एक ऐसे नेता की बनी है जो देश के लिए जीता है। मोदी की यही छवि विरोधियों को परेशान करती है।



परिवारवाद की सियासत में मोदी की छवि ऐसे नेता की है जो देश के लिए जीता है, मोदी की यही छवि उनके विरोधियों को परेशान करती है।

## विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

# रिश्वतखोरी के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं



लोकमित्र

सांसद हों या विधायक अगर किसी ने रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या कोई सवाल पूछा तो ऐसे लोगों को संविधान के आर्टिकल 105 (2) और 194 (2) के तहत हासिल 'विशेषाधिकार' छिन जायेगा या इसका उन्हें लाभ नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने गुजरे 4 मार्च 2024 को, 25 साल पहले दिए गए अपने ही एक पुराने फैसले को पलट दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने कहा- हम 1998 में पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए गए उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

गौरतलब है कि साल 1998 में पांच जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में भी जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। तब देश की सबसे बड़ी अदालत का तर्क था कि संसद और विधानसभा के अंदर इसके सदस्यों पर कोई एक्शन लेने का अधिकार इनके अध्यक्षों का है। लेकिन मौजूदा चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने ही कोर्ट द्वारा दिए गए इस फैसले को स्वीकार करने योग्य नहीं पाया। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के जजों के सामूहिक वक्तव्य में कहा गया है कि अगर कोई जनप्रतिनिधि रिश्वत लेता है, तो उस पर उसी समय केस बन जाता है, यह बात मायने नहीं रखती कि उसने वोट दिया या नहीं या कि इस संबंध में कोई स्पीच दी या नहीं दी। जजों ने अपने सामूहिक और एकमत निर्णय में बहुत स्पष्टता से कहा कि सदन के अंदर बहस और विचार विमर्श का माहौल बनाये रखना लोकतंत्र की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में अगर जनप्रतिनिधियों को संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत विशेषाधिकार दिए जाते हैं तो इसका मतलब यह होगा कि उन्हें



रिश्वतखोरी के लिए छूट दी जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने बिना किसी लाग लपटे के कहा, 'रिश्वत खोरी के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले में बार बार इस बात पर जोर दिया गया है कि सदन के अंदर बहस और विचार विमर्श का माहौल हर हाल में बनाये रखना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ऐतिहासिक और मौजूदा राजनीति के लिए बहुत जरूरी बताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राजनीति में स्वच्छता आयेगी और देश के आम लोगों का राजनीतिक व्यवस्था पर विश्वास गहरा होगा।

**सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला**

सुप्रीम कोर्ट के सामने वास्तव में यह मामला इसलिए आया था क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक विधायक ने 1998 में सुप्रीम कोर्ट के आये इस फैसले को अपने बचाव के लिए दलील के रूप में इस्तेमाल करना चाह रही थीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन झारखंड के जामा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार साल 2009 में विधायक बनी थीं और मौजूदा समय में भी वह यहां से विधायक हैं। शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी पर साल 2012 में राज्यसभा चुनावों के दौरान एक उम्मीदवार को वोट देने के बदले में रिश्वत लेने का आरोप लगा था। साल 2014 में झारखंड उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दायर मामले को रद्द करने से इंकार कर दिया था, इस पर सीता सोरेन ने उसी साल सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी कि 1998 के पीवी नरसिम्हा राव केस के निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और अनुच्छेद 194 (2) में सांसदों और विधायकों को संवैधानिक इम्यूनिटी या कहें कि प्रोटेक्शन मिला हुआ है।

वर्तमान में मुश्किलों से गुजर रहे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी अपील में यह भी कहा कि संविधान के दस्तावेज देश का शीर्ष दस्तावेज है। इसलिए अक्षरशः यह सही है और इसका पालन होना चाहिए। कुल मिलाकर सीता सोरेन ने पीवी नरसिम्हा राव पर चले मुकदमे का उदाहरण पेश करके सुप्रीम कोर्ट से उन्हें स्थायी राहत दिलवाने की बात कही थी यानी वह चाहती थी कि सुप्रीम कोर्ट फैसला दे दे कि किसी विधायक या सांसद के सदन के भीतर के आचरण पर कोई कानूनी कार्रवाई या मुकदमा नहीं चल सकता। लेकिन जैसा कि शुरू में ही कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को मानने से मना कर दिया है, जिसका मतलब यह है कि अब सीता सोरने के विरूद्ध मुकदमा चलेगा और उन्हें उसमें हाजिर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि सीता सोरेन को इस मामले में मार्च 2019 में तब राहत मिल गई थी, जब मामले की सुनवाई करते हुए तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने कहा था कि 1998 के पीवी नरसिम्हा राव केस में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला सीधे ऐसे मामले से जुड़ा था। हालांकि इस पीठ ने इस बात की भी नोटिस ली कि 1998 का फैसला बहुत मामूली अंतर से (3:2) अपने निर्णय पर पहुंचा था। इसलिए 2019 की संविधान पीठ ने इस मामले में यह नोट लगाया था कि यह मुद्दा ह्यपर्याप्त सार्वजनिक महत्वह्ण का है। इसलिए इसे बड़ी बेंच को भेजा जाना चाहिए, उसके बाद ही इसे सात जजों वाली बेंच के पास भेजा गया।

पिछले साल सितंबर 2023 में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले पांच जजों की बेंच ने इस केस के तीन अहम पहलुओं का जिक्र किया और कहा कि इन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता थी, इसलिए उन्होंने इसे सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया, जिनका जिक्र हमने इस लेख की शुरूआत में किया है। सीजीआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने तब पाया था कि अनुच्छेद 194 (2) और 105 (2) का मकसद विधायकों को प्रतिशोध के डर के बिना वोट डालने की अनुमति देना था, न कि उन्हें आपराधिक कानून के उलंघन से बचाना था। दूसरी बात यह भी नोट की गई कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव केस में न्यायमूर्ति एससी अग्रवाल की असहमति महत्वपूर्ण थी, इसे ध्यान में रखा गया और तीसरा जो महत्वपूर्ण बिंदु इस निर्णय में शामिल था, वह यह था कि क्या रिश्वत का अपराध तभी माना जायेगा जब रिश्वत का भुगतान हो जायेगा या जब रिश्वत लेकर विधायक उसके बदले फेवर ले लेगा? वास्तव में यह एक ऐसा मामला था जो सर्वोच्च न्यायालय की साख पर बट्टे की तरह था। क्योंकि जब सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, तो सदन के बाहर भी अपराधों के प्रति लोगों का रवैय्या उपेक्षापूर्ण हो जाता है।

> वास्तव में यह एक ऐसा मामला था जो सर्वोच्च न्यायालय की साख पर बट्टे की तरह था। क्योंकि जब सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, तो सदन के बाहर भी अपराधों के प्रति लोगों का रवैय्या उपेक्षापूर्ण हो जाता है।

## सोशल मीडिया

नीति आयोग की रिपोर्ट में देश के 144 आकांक्षी जिलों में जमुई को प्रथम स्थान मिलना गर्व की बात है। कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने से उपलब्धि मिली। चिराग पासवान.



मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेकर भाजपा हर देश वासी को अपने साथ लाने के अभियान में जुट गयी है। सुधांशु त्रिवेदी.



मैं केरल के वरिष्ठ नेता श्री पीसी जॉर्ज, शॉन जॉर्ज जी और उनकी पार्टी जनपक्षम सेक्युलर के सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। -जेपी नड्डा.



# श्रद्धा का उत्कृष्ट रूप

## अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

# घर फूंक तमाशा देखने वाले...

## व्यंग्यलोक

साहित्य में जो लोग घर फूँक कर तमाशा देखा करते थे, पता नहीं आज वे लोग कहाँ गये। दरअसल वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परन्तु इनकी मुद्रा गम्भीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही परन्तु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बाँधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएँ निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी। वे बड़ी व्यवहारिक पत्रिकाओं में लिखने वाले लेखकों को व्यावसायिक माना करते थे तथा उन्हें हेय दृष्टि से देखा करते थे। जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे सम्पादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिये लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूँजीपतियों की धज्जियाँ उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गये। सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियाँ देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएँ केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुँच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुँच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हँसा करते थे। उन्हें हँसता देखकर वे लोग दाँत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। वे उनके खिलाफ अपनी लघु-पत्रिकाओं में सम्पादकीय लिखते तथा व्यावसायिक एवं साहित्यिक लेखन की बाँट बनाये रखते थे। इससे उनका एक वर्ग व ग्रुप भी बना रहता था। वे लोग धुन के पक्के तथा इरादों को साकार करने वाले थे। उनके घरों में चाहे खाद्यान्न का संकट हो या बच्चों की हालत विपन्न हो, परन्तु वे लोग साहित्य के लिये मर मिटा करते थे।



पूरन सरमा

# वक्त आ गया है, धरती को जीवित इंसान माना जायें..



पर्यावरण

ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से इंसान को निपटना है और दिन पर दिन बेतहाशा बढ़ रही गर्मी पर लगाम लगानी है तो वक्त आ गया है कि पृथ्वी को एक जीवित इंसान की तरह माना जाये और उसके साथ वैसा ही बर्ताव किया जाए। गुजरे 1 मार्च 2024 को केन्या की राजधानी नैरोबी में सम्पन्न हुई संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के छठवें संस्करण में जो एक मंत्रिस्तरीय घोषणा पर सहमति हुई है, उसमें मूल सहमति यूं तो 17 संकल्पों और निणार्यों पर है, लेकिन सबका सार यही है कि वक्त आ गया है कि अब हम धरती को जीवित इंसान मानें। दरअसल पर्यावरणविद् इस बात को बड़ी गहराई से समझ रहे हैं कि धरती में चारों तरफ जिस तरह रसायनों व कूड़े कचरे का साम्राज्य है, अब हमें उसके प्रति बिना देर किए चिंतित होना पड़ेगा। यही नहीं चिंता का विषय जरूरत से ज्यादा खाना और चीजों का बेतहाशा उपभोग भी है। अगर धरती के लोग अपनी इस लालची प्रवृत्ति को नहीं छोड़ेंगे तो तमाम कोशिशों के बाद भी धरती के बिगड़ते पर्यावरण को रोक पाना संभव नहीं होगा। इसलिए 182 देशों के 7000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने जिनमें 170 से अधिक मंत्री थे, इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब धरती को जीवित इंसान मानकर बर्ताव किए जाएं। इस सभा में शिरकत करने वालों ने साफ तौरपर कहा कि टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ाव देने से लेकर रसायनों और अपशिष्ट पदार्थों व रेत व धूल भरी आंधियों के सक्षम प्रबंधन पर अब बिना देर किए जुट जाना होगा।

दुनिया में इस समय जितनी आबादी है, उसके आदर्श उपभोग के कई गुना ज्यादा चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें भी बड़ी विडंबना यह है कि कुछ लोग जरूरत से कई गुना ज्यादा चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं और बाकी लोग जरूरत से कम चीजें पा रहे हैं। मतलब यह कि एक तरफ धरती का सीना फटा जा रहा है, इतना ज्यादा उपभोग किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ दुनिया के दो तिहाई लोग या तो भूखे रहते हैं या अपनी भूख से खाने को कम पा रहे हैं। यह स्थिति अच्छी नहीं है। यह असंतुलन धरती को और ज्यादा नरक बना रहा है। एक तरफ जहां पर्यावरणविदों का मानना है कि अत्यधिक खपत पर लगाम लगे, वहीं दूसरी तरफ इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि उपभोग के लिए लोगों के बीच बेहतर वितरण की व्यवस्था हो। कुछ लोगों को कम और कुछ लोगों को बहुत ज्यादा न मिले। लेकिन यह इतना जटिल सवाल है कि इस पर कैसे व्यवहारिक सफलता पायी जा सकती है, कोई नहीं जानता। बहरहाल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की कार्यकारिक निदेशक इंगर एंडरसन ने इस सभा के समापन सत्र को संबोधित करते हुए माना कि दुनिया की कार्यवाई, उसकी गति, उसकी वास्तविकता और उसके स्थायी परिवर्तन में जरूरी बदलाव की आवश्यकता है। अगर इस सूत्रवाक्य को खोलें तो इसका मतलब है कि एंडरसन कह रही हैं कि जिन योजनाओं पर बात हो, उन पर वाकई काम भी हो, जिस रफ्तार की जरूरत है, उस रफ्तार से काम हो और हकीकत में यह सब हो ताकि परिवर्तन संभव बनें, सिर्फ बातों से कुछ नहीं होना। यूएन उपमहासचिव आमिना जे मोहम्मद के मुताबिक एक ऐसे समय में जब दुनिया प्रदूषण, जैव विविधता के संकट और जलवायु परिवर्तन के कहर से गुजर रही है, तब भी अगर हम धरती को बचाने के लिए अपने प्रयासों में गति और ईमानदारी नहीं लाएंगे, तो फिर यह सब कब करेंगे? अफ्रीकी संघ के एजेंडा 2063 और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा था, इसके 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यूएनईए-6 में जो विस्तृत और जज्बाती विमर्श हुआ है, उससे साबित होता है कि धरती के लोग अब धरती की पीड़ा का वास्तविकता में एहसास करने लगे हैं। लेकिन यह बात सच तब मानी जायेगी, जब दुनिया को इस तिहरे संकट से बचाने के लिए लोग वास्तव में काम करते दिखेंगे, सिर्फ बातें नहीं। साल 2012 में अपने स्थापना के बाद से यूएनईए-6 ने पहली बार इतने स्पष्ट और निर्णायक निर्णय लेने की बात कही है। कोई ऐसा सम्मेलन, कोई ऐसी बैठक ऐसी नहीं गुजरी जब धरती के पर्यावरण को लेकर चिंता न व्यक्त की गई हो। लेकिन जिस तरह से इस बार पूरी स्पष्टता के साथ चीजों को रखा गया है और आर या पार के अंदाज में लोगों से फैसला करने को कहा गया है, वह अब के पहले कभी नहीं हुआ। अगर अब भी चीजें नहीं बदलती तो बहुत डरावनी स्थिति पैदा हो सकती है। वास्तव में यूएनईए-6 की जारी रिपोर्ट में इस बात को भी स्पष्ट किया गया है कि धनी देश, कम आय वाले देशों की तुलना में 6 गुना से ज्यादा संसाधनों का उपभोग करते हैं।

## आपकी बात

### जरूरी है कानून का डर

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## म्यूचुअल फंड वितरकों को मिल सकेगा कमीशन

नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड वितरकों को अब एक निवेशक के एक वितरक से दूसरे वितरक को संपत्ति हस्तांतरण करने पर परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) से ट्रेल कमीशन पाने का मौका मिलेगा। एएमएफआई पंजीकरण संख्या (एआरएन) के हस्तांतरण मानदंडों की समीक्षा के लिए म्यूचुअल फंड वितरकों (एमएफडी) की तरफ से किए गए अनुरोधों के बाद यह बदलाव किया गया है। अगर कोई निवेशक अपनी परिसंपत्ति को नए म्यूचुअल फंड में स्थानांतरित करता है तो मौजूदा मानदंडों के तहत म्यूचुअल फंड कंपनियां नए वितरक को ट्रेल कमीशन का भुगतान नहीं कर सकती हैं। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एएमएफआई ने मंगलवार को अपने सदस्यों को भेजे एक संदेश में वितरकों को ट्रेल कमीशन का भुगतान करने की अनुमति दे दी। हालांकि एएमसी निवेशकों द्वारा संपत्ति के हस्तांतरण की तारीख से छह महीने की कूलिंग ऑफ अवधि के बाद ही ट्रेल कमीशन का भुगतान कर सकते हैं।

## मणिपुर में एनआरसी लागू करने की सिफारिश

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती। सिंह के इस बयान के कुछ दिन पहले विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से विशेष रूप से राज्य और राष्ट्र के हित में राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया। सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, राज्य इसे (एनआरसी) लागू नहीं कर सकता। हमने सदन में एक प्रस्ताव लाया है। हम मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर केंद्र सरकार को सिफारिश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार वर्ष 1961 होगा। राज्य मंत्रिमंडल ने 2022 में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य में अवैध आप्रवासन की पहचान करने के लिए 1961 को आधार के रूप में अपनाया। आईएलपी दिसंबर 2019 में राज्य में पेश किया गया था और जनवरी 2020 में लागू हुआ।

## दुर्घटना में दोस्त को खोने के बाद दी जान

धार (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के धार जिले में एक सड़क दुर्घटना में अपने दोस्त को खोने के बाद 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर नलखेड़ा में मंगलवार शाम कांति नाम के व्यक्ति ने एक पेड़ से फंदाकर आत्महत्या कर ली। यह कदम उठाने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने कहा कि सड़क दुर्घटना में दोस्त की मौत के कारण वह यह कदम उठाने जा रहा है। राजगढ़ थाना प्रभारी संजय रावत ने बताया, राजमार्ग पर दो मोटरसाइकिल के टकरा जाने से नरवे सिंह (29) नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त कांति बच गया। दोनों झाबुआ जिले के फूलदान वाड़ी में रहते थे। उज्जैन से घर लौटने के समय हादसा हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने दोस्त की मौत से हताश और परेशान कांति ने दुर्घटनास्थल के पास एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## पेशी के दौरान आरोपियों से मारपीट की कोशिश

जयपुर। उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया इस दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार प्रशिक्षु पुलिस उप निरीक्षकों को अदालत ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह ने फर्जी तरीके से प्रतियोगी परीक्षा पास करने के आरोपी 14 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आज यहां जिला अदालत में पेश किया। जब उन्हें पुलिस वैन से बाहर निकाला जा रहा था तो अदालत परिसर के बाहर कुछ लोगों ने आरोपियों से मारपीट की कोशिश की। हालांकि आरोपियों को पुलिस सुरक्षा में अदालत ले जाया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने कहा, गिरफ्तार किए गए 14 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें छह दिन के लिए पुलिस हिरासत पर भेज दिया गया।

# किसानों के प्रदर्शन से दिल्ली की सीमा जाम



नयी दिल्ली। किसानों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी।

बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाये हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखेगा। एक अधिकारी ने बताया, हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा, किसानों के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया, हमने सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गये अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं और (वे) चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेंगे। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है क्योंकि किसानों के ट्रेन व बस जैसे सार्वजनिक परिवहनों से भी आने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया, दिल्ली में पहले से ही धारा 144 लागू है। हम यहां कहीं भी किसी सभा या कार्यक्रम की अनुमति नहीं देंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) राजीव कुमार ने कहा, जानकारी के मुताबिक, किसान आज (बुधवार) दिल्ली के लिए मार्च शुरू कर सकते हैं। इसलिए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरी कोशिश की जा रही है कि यातायात प्रभावित न हो। अंतरराज्यीय बस अड्डों (आईएसबीटी) कश्मीरी गेट, आनंद विहार और सराय काले खां पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारी ने बताया, किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मध्य दिल्ली के रहने वाले प्रवेश कुमार जैसे ही सिंघु बॉर्डर पहुंचे उन्हें लंबा जाम देखने को मिला। कुमार ने कहा कि मैं किसी काम से चंडीगढ़ जा रहा हूं। आजादपुर के निकट और सिंघु बॉर्डर के पास बहुत लंबा जाम है।

# राज्यों का राजकोषीय कुप्रबंधन केंद्र के लिए चिंता का विषय, मिलकर मतभेद दूर करें: कोर्ट



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजकोषीय कुप्रबंधन को केंद्र सरकार के लिए चिंता का विषय बताने के साथ ही बुधवार को केंद्र और केरल सरकार दोनों को शुद्ध उधारी की सीमा पर बने आपसी मतभेद दूर करने की सलाह दी। शीर्ष अदालत केरल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्र सरकार पर उधारी की सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के लिए अपनी विशिष्ट, स्वायत्त एवं पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र और राज्य के इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि दोनों के बीच बातचीत सिर्फ मुकदमा लंबित होने की वजह से नहीं रुकनी चाहिए। पीठ ने कहा, निर्णय लेने में सक्षम और पहले निर्णय प्रक्रिया में शामिल रह चुके सभी वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठें और इस मुद्दे को हल करें। केरल सरकार का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य के पास इस मुद्दे पर विरोध के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। सिब्बल ने कहा कि इस मुद्दे को सहकारी संघवाद की भावना से हल करने की जरूरत है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल राज्य को राहत की जरूरत है। पीठ ने कहा कि केरल ने राज्य के उधार लेने पर शर्तें लगाने की केंद्र की शक्ति को चुनौती दी है, लिहाजा अतिरिक्त उधारी लेने के अनुरोध पर केवल मुकदमा वापस लेने के बाद ही विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही पीठ ने केंद्र से कहा, अभी हम आपको केवल यही सुझाव देना चाहते हैं कि आप मुकदमा वापस लेने की शर्त पर जोर न दें।...भारत सरकार बेहतर राजकोषीय प्रबंधन के लिए अन्य शर्तें भी लगा सकती है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण से पीठ ने कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि मुकदमा वापस लिया जाए। यह अनुच्छेद 131 के तहत एक संवैधानिक अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद 131 उच्चतम न्यायालय को केंद्र और राज्य के बीच विवाद होने की स्थिति में उससे निपटने का अधिकार देता है।

# जब भी उज्जैन में कुंभ मेला होता है तो भाजपा जीतती है: सीएम यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि जब भी उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला लगता है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव जीतती है।

यादव लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ पार्टी के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाहन राज्य के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेंगे और भाजपा के संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) के लिए सुझाव मांगेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भारी जनसमर्थन से बनी है। यह हमारा रिकॉर्ड रहा है कि जब भी उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन होता है तो हम मध्य प्रदेश और केंद्र में सरकार बनाते हैं। लाखों हिंदुओं को आकर्षित करने वाले चार प्रमुख धार्मिक समागमों में से एक सिंहस्थ कुंभ मेला मध्य प्रदेश के उज्जैन में 2028 में आयोजित किया जाएगा। आखिरी उज्जैन सिंहस्थ अप्रैल-मई 2016 में आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बाद से पार्टी का नारा है मोदी के मन में मध्य प्रदेश (एमपी), एमपी के मन में मोदी। सुझाव पेटियां ले जाने वाले प्रचार वाहनों के बारे में यादव ने कहा कि पार्टी विकास के लिए सुझाव एकत्र कर रही है क्योंकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# ईएसआईसी ने दी सात अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128 करोड़ की मंजूरी




नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128.21 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में मंगलवार को ईएसआईसी की स्थायी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सात ईएसआई अस्पतालों का निर्माण हारोहल्ली, नरसापुर, बोम्मासांद्रा (कर्नाटक), मेरठ, बरेली (उत्तर प्रदेश), पीथमपुर (मध्य प्रदेश) और दुबुरी (ओडिशा) में किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इन अस्पतालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। इन अस्पतालों के जरिये ईएसआईसी के मौजूदा चिकित्सा बुनियादी ढांचे में 800 बिस्तर जुड़ेंगे। इसके अलावा, बैठक में बीमा के दायरे में आने वाले कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल तथा नकद लाभ की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। राजस्थान के अलवर में उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। अलवर में ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना से अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, भरतपुर और डीग में रहने वाले बीमा के दायरे में आने वाले लगभग 12 लाख कर्मचारी और ईएसआई योजना के लाभार्थी लाभान्वित होंगे। इसमें कहा गया है कि ये निर्णय चिकित्सा और नकद लाभ वितरण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो सीएए को रद्द कर देगी : पवन खेड़ा

गुवाहाटी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी सत्ता में आती है तो वह संशोधित नागरिकता अधिनियम-2019 (सीएए) को रद्द कर देगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मणिपुर का दौरा नहीं करने पर भी तंज कसा। पूर्वोत्तर का यह राज्य पिछले साल मई से ही जातीय हिंसा से जूझ रहा है। खेड़ा ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि असम में बाहर से आने लोगों के वैध तरीके से रहने की अंतिम तारीख 1971 है लेकिन सीएए इसे छीन लेगा क्योंकि उसमें अंतिम तारीख 2014 होगी। वह असम समझौते के अनुसार, बांग्लादेश से असम में प्रवेश करने वाले लोगों को भारतीय नागरिकता देने के लिए 25 मार्च, 1971 की अंतिम तारीख का जिक्र कर रहे थे। सीएए के तहत केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 31 दिसंबर 2014 को या इससे पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आएगी तो सीएए को रद्द कर देगी। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# भारत की जीडीपी 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान




नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा कि इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4,500 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक, उच्च-मध्यम आय वाले देश वे हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय 4,000-12,000 अमेरिकी डॉलर के बीच है। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमीश मेहता ने कहा कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और उच्च-मध्यम आय वाला देश होगा, जो घरेलू खपत के लिए एक बड़ा सकारात्मक पक्ष होगा।

# बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें: आरबीआई



मुंबई। रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा कि समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, ऐसी स्थिति में यह निर्देश दिया जाता है कि कार्ड जारीकर्ता कार्ड नेटवर्क के साथ ऐसी कोई व्यवस्था या समझौता नहीं करेंगे जो ग्राहकों को अन्य कार्ड नेटवर्क की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा कि मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प कार्ड का अगला नवीनीकरण कराते समय दिया जा सकता है। कार्ड नेटवर्क के रूप में अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड, मास्टरकार्ड एशियापैसिफिक पीटीई लिमिटेड, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया- रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड पीटीई लिमिटेड सूचीबद्ध हैं। परिपत्र के मुताबिक, कार्ड जारीकर्ताओं और नेटवर्क को संशोधन या नवीनीकरण के समय और नए समझौते निष्पादित करते समय मौजूदा समझौतों में आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करना होगा। हालांकि यह निर्देश उन क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होगा जिनके द्वारा जारी सक्रिय कार्डों की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा खुद के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले संस्थानों को इस परिपत्र के निर्देशों से बाहर रखा गया है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी पर

लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान अरुचिकर (नॉट इन गुड टेस्ट) था। सूत्रों ने बताया कि अदालत के निर्देश को देखते हुए आयोग ने राहुल गांधी से भविष्य में उनसे सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधान रहने को कहा है। एक सूत्र ने बताया, अदालत के आदेश और गांधी के जवाब सहित जेबकतरा और पनौती जैसी टिप्पणियों से जुड़े मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद आयोग ने गांधी को भविष्य में अधिक सावधान रहने की सलाह दी है। आयोग ने एक स्टार प्रचारक के रूप में राहुल गांधी को निर्देश दिया है कि वह सभी दलों, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों के लिए एक मार्च को जारी परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। आयोग ने 23 नवंबर को राहुल गांधी को नोटिस जारी कर राजस्थान में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए उनके भाषणों पर उनका रुख पूछा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपने चुनावी भाषण के दौरान मोदी पर जेबकतरा संबंधी कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं जबकि उद्योगपति गौतम अडाणी उनकी जेबें काटते हैं।

### प्रधानमंत्री ने

ने इस मानक को बनाये रखा है....शुभकामनाएं। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला कार्य पूरा कर लिया गया। जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही इसमें मेट्रो सेवा भी प्रारंभ हो चुकी है। आगरा मेट्रो के शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहर में मेट्रो की सुविधा है। इससे पहले लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा प्रारंभ हो चुकी है। आज मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश के छठवें शहर आगरा में ब्रजवासियों के लिए, आगरा वासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन ने कानपुर मेट्रोए लखनऊ मेट्रो और आगरा मेट्रो के कार्य को जिस तत्परता के साथ किया हैए उसकी सर्वत्र पर सराहना हुई है। तीन अंडरग्राउंड स्टेशन को तीन किमी क्षेत्र में, उन्हें विकसित करने में एक तय समय सीमा से पहले कार्य करके देश के अंदर सबसे पहले तीव्र गति से कार्य करने का कीर्तिमान हासिल करने वाली आगरा मेट्रो हुई है।

### पूरे बंगाल में

बताया कि प्रधानमंत्री ने जोका-एस्प्लेनेड लाइन के 1.25 किलोमीटर तारातला-माजेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 520 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर समारोह स्थल से प्रधानमंत्री ने न्यू गरिया-एयरपोर्ट लाइन के कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 1,430 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड 5.4 किलोमीटर लंबा है और इससे कोलकाता के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों के इलाके मेट्रो के मानचित्र पर आ जाएंगे। एक बयान में कहा गया है कि इन खंडो से सड़क यातायात को सुगम करने तथा सुविधाजनक संपर्क प्रदान करने में मदद मिलेगी। ईस्ट वेस्ट कॉरीडोर के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड में भारत की किसी भी बड़ी नदी के नीचे पहली परिवहन सुरंग है। यह हुगली नदी के नीचे से गुजरती है, जिसके पूर्वी और पश्चिमी तट पर कोलकाता और हावड़ा स्थित हैं। इस खंड में हुगली नदी के नीचे हावड़ा मेट्रो स्टेशन है जो देश का सबसे गहराई में स्थित स्टेशन है। ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था लेकिन विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। मेट्रो रेलवे के महा प्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने पूर्व में कहा था कि पूरी लाइन में वाणिज्यिक संचालय जून-जुलाई में प्रारंभ करने का लक्ष्य है। ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का साल्ट लेक सेक्टर पांच से सियालदह तक का हिस्सा वर्तमान में व्यावसायिक रूप से चालू है। माजेरहाट मेट्रो स्टेशन रेलवे लाइन, प्लेटफार्म और एक नहर के ऊपर बना अलग तरह का स्टेशन है। जोका-एस्प्लेनेड लाइन का जोका और तारातला के बीच 6.5 किलोमीटर का खंड पहले से ही चालू है। प्रधानमंत्री ने कोच्चि मेट्रो के ।बी पूर्ण चरण का बुधवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया और इसी के साथ ही एर्णाकुलम जिले के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों के लोगों को तटीय शहर तक तेज़ और आसान पहुंच प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री ने त्रिपुनिथुरा टर्मिनल मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। जब प्रधानमंत्री मोदी ने कोलकाता से कोच्चि मेट्रो के ।बी पूर्ण चरण और उसके नए स्टेशन का उद्घाटन किया उस वक्त राज्य के उद्योग और कानून मंत्री पी राजीव, कांग्रेस सांसद हिबी ईडन और केएमआरएल के एमडी लोकनाथ बेहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति त्रिपुनिथुरा टर्मिनल के मंच पर मौजूद थे।

### बिहार में 12,800

करेगी। उन्होंने मोतिहारी में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और भंडारण डिपो का भी लोकार्पण किया। यह नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए एक रणनीतिक आपूर्ति बिंदु के रूप में भी कार्य करेगा। यह उत्तर बिहार के आठ जिले पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी को सेवा प्रदान करेगा। मोदी ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और देवरिया में सिटी गैस वितरण परियोजना और एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड के सुगौली और लौरिया में अनाज आधारित इथेनॉल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28ए के पिपराकोठी-मोतिहारी-रक्सौल खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-104 के शिवहर-सीतामढ़ी खंड के दो लेन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने दीघा-सोनेपुर रेल-सह-सड़क पुल के समानांतर गंगा पर छह-लेन केबल पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 बाईपास के बाकरपुर हाट-मानिकपुर खंड के चार-लेन की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने बापूधाम मोतिहारी-पिपराहां तक 62 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया और उन्होंने अन्य कार्यों के अलावा नरकटियागंज-गौनाहा आमान परिवर्तन का भी उद्घाटन किया।

### बाहुबली व पूर्व

परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। अदालत ने बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा सुनाये जाने के बाद धनंजय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं। पांडेय ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइनबाजार थाने में अपहरण, रंगदारी तथा अन्य धाराओं में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम पर भारतीय दंड संहिता की धारा 364, 386, 504, 506 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

### पुलिस भर्ती

को तथा बिटटू ने 18 फरवरी को दोपहर बारह बजकर इकतीस मिनट पर व्हाट्सएप से प्रवीण को भेजा था। प्रवीण ने डब्बू निवासी नंगला ताशी थाना कंकरखेडा को भेजा था। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि छानबीन से यह तथ्य प्रकाश में आये कि 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न - पत्र व उत्तर कुंजी 17 फरवरी को हरियाणा के रहने वाले किसी व्यक्ति ने प्रवेश प्रधान निवासी चांदना थाना सरधना जनपद मेरठ हाल निवासी कंकरखेडा मेरठ , गुलजार निवासी खडौली थाना कंकरखेडा मेरठ और आसिफ निवासी कल्याणपुर थाना रोहटा मेरठ एंव गौरव निवासी आलमगीरपुर थाना रोहटा मेरठ को उपलब्ध कराया था। प्रवेश प्रधान और गुलजार तथा आसिफ एवं गौरव ने इस प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी रोहित उर्फ ललित को प्राप्त करायी थी। रोहित उर्फ ललित ने यह प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी दीपू उर्फ दीपक को प्राप्त करायी थी। दीपू उर्फ दीपक और बिटटू सिंह तथा प्रवेश प्रधान और आसिफ तथा मोनू एवं गुलजार भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट कराने का ठेका लेते हैं। दीपू उर्फ दीपक एंव उसके सहयोगियों को भर्ती परीक्षाओं के पेपर व उत्तर कुंजी हरियाणा के रहने वाले किसी व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रवीण व रोहित उर्फ ललित तथा नवीन कुमार और साहिल व डब्बू एंव गौरव अभ्यर्थी उपलब्ध कराते हैं।

### खेलो इंडिया के

स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये संशोधित नियम भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं। खेलो इंडिया खेलों का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अपने आदेश में कहा था, खेल विभाग से परामर्श के बाद अधिक स्पष्टता लाने, हाल के समय में महत्व हासिल करने वाली प्रतियोगिताओं को इसमें शामिल करने और इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई। आदेश के अनुसार जिन प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया गया है उनमें राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप, भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल तथा खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, खेलो इंडिया युवा खेल, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और खेलो इंडिया पैरा खेल शामिल हैं। संशोधित नियमों के तहत, खेलो इंडिया युवा खेलों (18 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए), खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों, खेलो इंडिया पैरा खेलों और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों जैसे आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अब सरकारी रोजगार के अवसरों के पात्र होंगे। इसके अलावा भारतीय स्कूल खेल महासंघ में उपलब्धि हासिल करने वाले भी ऐसे पदों के लिए अपनी पात्रता बनाए रखेंगे। इसके मुताबिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतरंज प्रतियोगिताओं अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी सरकारी नौकरी के पात्र होंगे। जिन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय आयोजनों में देश या राज्य का प्रतिनिधित्व किया है, या जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है वे भी रोजगार के लिए पात्र होंगे।

### अब ट्रेनों की

ऐसा वार्निंग सिस्टम है जो एक ही ट्रैक पर ट्रेनों के आमने-सामने आने पर डिवाइस तुरंत एक्टिव हो जाता है और इंजन में लगा अलार्म बजने लगता है। इससे ट्रेन को रोककर हादसों को टाला जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, करीब 65 ट्रेनों में एंटी कोलेजन डिवाइस लगाया जा चुका है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार एंटी कोलेजन डिवाइस तेज रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों में सबसे पहले लगाया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा है कि 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले एक सेमी-हाई स्पीड इंजन में ट्रेनों की 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' के ब्रेकिंग मापदंडों की दक्षता की जांच करने के लिए किए गए हालिया परीक्षण के परिणाम आशाजनक रहे हैं। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा विकसित 'कवच' प्रणाली ट्रेन चालक के समय पर हरकत में आने में विफल रहने पर आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगा सकती है।

संक्षेप

## इंडियन वेल्स में हारे सुमित नागल

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में दक्षिण कोरिया के सियोंग चान होंग को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में 26 वर्षीय नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डिस्टानिक को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स का खिताब जीता था। इससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में सफल रहे थे। इसके बाद वह हालांकि पुणे और दुबई में खेली गई प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

## पेरिस ओलंपिक : भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 जुलाई से

लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पहले मुकाबले में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की हॉकी स्पर्धा का कार्यक्रम जारी किया गया। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ने के बाद 29 जुलाई को अर्जेन्टीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को बेल्जियम और दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका को जगह मिली है। क्वार्टर फाइनल चार अगस्त को जबकि सेमीफाइनल छह अगस्त को खेला जाएगा। कांस्य पदक का प्ले ऑफ और फाइनल आठ अगस्त को होगा। कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम मौजूद थे। मुकाबले कोलोंबेस के युवेस-डु-मेनोइर स्टेडियम में खेले जाएंगे। बेल्जियम पुरुष वर्ग में गत चैंपियन है।

## प्रेस्टीज सिंगल वॉल वॉटर बॉटल्स लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने पानी पीने के सॉल्यूशन की अपनी नई रेंज - प्रेस्टीज सिंगल वॉल वॉटर बॉटल्स को पेश किया है। इस कलेक्शन में अलग-अलग रंगों और क्षमताओं के विकल्प के साथ वॉटर बॉटल्स की चार वैराइटी हैं। इन्हें हर किसी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उत्पादों की उनकी पूरी श्रृंखला में यह एक अद्भुत संकलन है। गर्मियों के पास आने के साथ, ये नए वॉटर बॉटल्स हर किसी के लिए पानी पीने का एक सही सॉल्यूशन है। ये बॉटल्स ना केवल वजन में हल्की हैं, बल्कि इनमें अन्य पेय भी रख सकते हैं, जिससे आपको हाइड्रेट रहने में मदद मिलती है। ये बॉटल्स पेशेवरों, स्टूडेंट्स और घरों के लिए भी टिकाऊ, स्पिल-प्रूफ और साफ करने में आसान है। उच्च गुणवत्ता वाली ये स्टेनलेस स्टील की बोतलें हर किसी की पसंद हैं, क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि आप साफ और शुद्ध पानी पी रहे हैं। रंगों के इनके स्टाइलिश और खूबसूरत विकल्पों के कारण, प्रेस्टीज वॉटर बॉटल आपकी सुंदरता में भी चार-चांद लगा देगा। चाहे आप किसी मीटिंग के लिए जा रहे हों या फिर कहीं घूमने-फिरने। प्रेस्टीज वॉटर बॉटल्स, प्लास्टिक की जगह इन्हें चुनना आसान कर देती हैं।

## लावा का ब्लेज कर्व 5जी लॉन्च

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल ने आज बड़े गर्व के साथ ब्लेज कर्व 5जी को लॉन्च किया है, और मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट को एक नई परिभाषा देने वाला यह स्मार्टफोन बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिसमें सहज तरीके से मल्टीटास्किंग के लिए इस सेगमेंट में सबसे बेहतर 8जीबी में पहली बार 128जीबी/256जीबी इंटरनल स्टोरेज जैसे फीचर्स मौजूद हैं। इन फीचर्स की मौजूदगी की वजह से ऐप खोलने की दर 100 फीसद तक तेज हो जाती है। इस स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डिमेन्सिटी 7050 प्रोसेसर लगाया गया है, जो इसकी स्पीड और काम करने की क्षमता को बेमिसाल बना देता है। जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है और इस तरह यह स्मार्टफोन इस प्राइस सेगमेंट में मिलेंगे और ऐप अनुभवों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहा है।

# अश्विन के 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत

## धर्मशाला में जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगा इंग्लैंड



धर्मशाला। पिछले तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां टेस्ट मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अपने अभियान का समापन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट मैच जीत कर घरेलू धरती पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अब उसकी निगाह श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपने शीर्ष स्थान को मजबूती प्रदान करने पर टिकी है। धर्मशाला की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर खेलने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है जबकि सप्ताहांत में इसमें कुछ बढ़ोतरी होगी। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी के कारण सभी दिन शुरू में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

**टीम इस प्रकार हैं:**

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

इंग्लैंड: बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फोक्स (विकेटकीपर), डैन लॉरेंस, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, मार्क वुड।

मैच प्रसारण सुबह 9.30 बजे से

## अश्विन जैसे खिलाड़ी दुर्लभ हैं : रोहित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उसने हमारे लिए जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। उन्होंने कहा, पिछले पांच-सात वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर अभी टेस्ट क्रिकेट में 507 विकेट दर्ज हैं। वह अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टेस्ट मैचों में 500 से अधिक विकेट लिए हैं।

## मां ने अस्पताल से कहा था, तुम्हें वापस जाना चाहिए : अश्विन

चेन्नई के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थीं, लेकिन जब उन्होंने बेटे रविचंद्रन अश्विन को अपने बिस्तर के पास देखा तो उनके मन में बस एक ही सवाल था, तुम यहां क्यों आए? अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बनने के कुछ घंटे बाद, मां के बीमार होने के बाद अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बीच में चेन्नई अपने घर वापस चले गये। अश्विन की मां अचेत हो गयी थी और उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था। अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट की पूर्व संध्या पर ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, जब मैं अस्पताल पहुँचा, तो मेरी माँ लगातार होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी। मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, तुम क्यों आए ?अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा कि मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है।

# घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है



धर्मशाला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने उन्हें अनफिट घोषित नहीं किया हो। एक प्रारूप पर दूसरे को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों को कड़ा संदेश देते हुए बीसीसीआई ने सभी अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी ट्रॉफी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी करने पर 2023 एकदिवसीय विश्व कप टीम में शामिल खिलाड़ियों इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी खिलाड़ियों पर लागू होता है और यह सिर्फ कुछ खिलाड़ियों के लिए नहीं है। रोहित ने कहा कि इस बारे में लंबे समय से चर्चा चल रही है। जब खिलाड़ी उपलब्ध होंगे तो उन्हें खुद को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है या वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेंगे। लेकिन अगर आप उपलब्ध हैं, अगर आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम जाएं और खेलें। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कुछ क्रिकेटरों के लिए नहीं है, यह हर किसी के लिए है कि वे सुनिश्चित करें कि जब भी आप उपलब्ध हों, और ठीक हैं, आप घरेलू क्रिकेट खेलें।

**स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को बल्लेबाजी के अनुकूल बताया :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना। धर्मशाला में साल के इस समय में सामान्य से अधिक ठंड होती है जिससे तेज गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने के कारण इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में



दुबई। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को अपने करियर में पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए। वर्ष 2023 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जायसवाल 727 रेटिंग अंक के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर हैं। रोहित शर्मा को 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय कप्तान को दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की पूरी श्रृंखला से बाहर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची में चौथे टेस्ट में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में विफल रहे मार्नस लाबुशेन पांच स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में भारत के रविंद्र जडेजा एक स्थान फिसलकर सातवें स्थान पर हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत के बाद जोश हेजलवुड और नाथन लियोन दोनों रैंकिंग में ऊपर चढ़कर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर हैं।

## कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन की पांच विकेट से जीत



लखनऊ। सम्यक त्रिवेदी (3 विकेट) की अगुवाई में उम्दा गेंदबाजी की बदौलत कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के बुधवार को खेले गए मुकाबले में आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किए।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.4 ओवर में 129 रन ही बना सकी। टीम से आकाश यादव ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। मोहम्मद अजहरुद्दीन (31), अभय प्रताप सिंह (22) व सूरज यादव (15) बनाये। कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन से सम्यक त्रिवेदी 3, आकाश गुप्ता, अर्पित कुमार सिंह व हिमांशु मिश्रा को 2-2 विकेट मिले। जवाब में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने 31.4 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम से द्रव्य कुमार कुशवाहा ने नाबाद 50 रन की पारी से टीम को जीत दिलाई। सचिन सिंह ने 51 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन के सम्यक त्रिवेदी को प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सिंधू, श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे, प्रणय हारे

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत

पेरिस। भारत की अनुभवी खिलाड़ी पीवी सिंधू बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली की मुश्किल चुनौती को खत्म कर दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को विश्व रैंकिंग में पूर्व में आठवें पायदान पर रही ली ने तीन गेम तक चले मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। सिंधू हालांकि एक घंटे और 20 मिनट तक चले मैच के पहले गेम में पिछड़ने के बाद 20-22, 22-20, 21-19 से जीत दर्ज करने में सफल रही। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चोउ टियेन चेन पर शानदार जीत दर्ज की लेकिन एचएस प्रणय पहले दौर में ही बाहर हो गये। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत की चेन के खिलाफ सात मैचों में यह तीसरी जीत है। उन्होंने 66 मिनट तक चले मुकाबले को 21-15, 20-22, 21-8 से अपने नाम किया। साल 2021 विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में चीन के विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लू गुआंग जू से होगा। गुआंग ने भारत के एचएस प्रणय के अभियान को 21-17, 21-17 से हराकर खत्म किया। घुटने की चोट से उबर कर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही सिंधू की ली पर यह 13 मैचों में 10वीं जीत है। सिंधू पिछले साल अक्टूबर में इसी स्पर्धा में खेलते हुए चोटिल हुई थी। इस मुकाबले के ज्यादातर समय सिंधू उस लय में नहीं दिखी जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। पहले गेम को गंवाने के बाद सिंधू दूसरे गेम में 13-17 से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और इस गेम को जीतने के बाद उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया। उन्होंने इस आत्मविश्वास को तीसरे गेम में भी जारी रखा। सिंधू को यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में थोड़ा समय लगा लेकिन कनाड़ा की खिलाड़ी के खेल में शुरू से पैनापन दिखा। ली ने 11-7 की बढ़त हासिल की लेकिन सिंधू ने वापसी कर इसे 14-14 किया।

## अयोध्या में रन-फॉर-राम हॉफ मैराथन 10 को

लखनऊ। विगत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य राम-लला जी की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद संघ का आनुषांगिक संगठन क्रीड़ा भारती एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह ने के डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 10 मार्च को अयोध्या में रन-फॉर-राम नाम से हॉफ-मैराथन के आयोजन में देश-विदेश से प्रतियोगी जुटेंगे। अयोध्या जी में राम-पथ और भक्ति-पथ पर आयोजित कार्यक्रम के लिए 3 हजार से ज्यादा देशी-विदेशी लोगों ने स्पेशल वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

# सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गये। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नये शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था। विश्लेषकों ने कहा कि दोनों मानक सूचकांकों में कारोबार के पहले चरण में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों और दवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली और यूरोपीय बाजारों में शुरुआती तेजी के साथ इनमें मजबूती आई। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा 2.47 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स शामिल हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख के कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में बयान से पहले वैश्विक बाजार में मिला-जुला रुख रहा। घरेलू बाजार में कारोबार के दूसरे चरण में अच्छी तेजी आई और बाजार शुरुआती गिरावट से बाहर आ गया। बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी आई।

## रुपया सात पैसे की तेजी के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में अपने प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर रहने तथा घरेलू शेयर बाजार की मजबूत धारणा के बीच रुपये में तेज आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव कायम हो गया और इसने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 82.82 से 82.91 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत घटकर 103.55 रह गया।

# ईएफटीए समझौते में स्विट्जरलैंड से सोना आयात पर शुल्क रियायत दे सकता है भारत



नयी दिल्ली। भारत चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में स्विट्जरलैंड से सोने के आयात पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत दे सकता है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि भारत ने व्यापार समझौता लागू होने के पहले 10 साल में 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और अगले पांच वर्षों में समूह के सदस्यों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता की मांग रखी है। इस समझौते में स्विट्जरलैंड ने भारत से सोने पर आयात शुल्क में रियायत देने की मांग प्रमुखता से रखी थी। स्विट्जरलैंड से भारत के आयात में सोने की हिस्सेदारी करीब 80 प्रतिशत है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौते में सीमा शुल्क कोटा (टीआरक्यू) के तहत सोने की एक तय मात्रा पर घरेलू आयातकों को एक प्रतिशत की रियायत दी है। एक सूत्र ने कहा, ईएफटीए समझौते के तहत इसी तरह की शुल्क रियायतों पर भी काम किया जा रहा है। इस मुद्दे पर वाणिज्य मंत्रालय ने ईमेल से पूछे गए सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। फिलहाल सोने के आयात पर 12.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और 2.5 प्रतिशत उपकर लगता है। चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर का रहा है।

# पी-नोट्स से निवेश घट कर 1.43 लाख करोड़



नयी दिल्ली। भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिये होने वाला निवेश विदेशी निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से जनवरी में हल्की गिरावट के साथ 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा।

पी-नोट्स के जरिये भारतीय बाजार में निवेश पिछले एक साल में बढ़कर दिसंबर, 2023 में 1,49,447 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह आंकड़ा जनवरी, 2023 में 91,469 करोड़ रुपये था। भारतीय शेयर बाजार में पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) यहां पर पंजीकरण कराए बगैर निवेश की मंशा रखने वाले विदेशी निवेशकों के लिए पी-नोट्स जारी करते हैं। हालांकि, इसके लिए भी विदेशी निवेशकों को जांच-परख के दौर से गुजरता पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजार में इक्विटी, कर्ज एवं हाइब्रिड प्रतिभूति खंडों में पी-नोट्स से निवेश का कुल मूल्य जनवरी, 2024 के अंत में 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिसंबर, 2023 की तुलना में थोड़ा कम है। एफपीआई निवेश के रुझान के साथ पी-नोट्स का प्रवाह भी निर्धारित होता है। कारोबारी परिवेश को किसी तरह का जोखिम होने पर इस मार्ग से निवेश बढ़ जाता है। बाजार के जानकारों का मानना है कि एफपीआई ने नए साल की शुरुआत सतर्क रुख के साथ की लेकिन कुछ प्रमुख शेयरों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से निवेशकों ने मुनाफावसूली करनी शुरू कर दी। जनवरी में पी-नोट्स के जरिये आए निवेश में 1.26 लाख करोड़ रुपये इक्विटी, 16,731 करोड़ रुपये ऋण या बॉन्ड और 445 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में लगाए गए।

# पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले 85 प्रतिशत लोगों को कोई समस्या नहीं: शक्तिकांत दास



नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्वाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है।

रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 80-85 प्रतिशत पेटीएम वॉलेट अन्य बैंकों से जुड़े हुए हैं और शेष 15 प्रतिशत को अन्य बैंकों से जुड़ने की सलाह दी गई है। दास ने कहा कि आरबीआई ने अपने नियमन के दायरे में आने वाली इकाई...पीपीबीएल के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके उलट आरबीआई वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवोन्मेष का समर्थन करता है और नये उत्पादों के परीक्षण को लेकर सैंडबॉक्स (सीमित दायरे में उत्पादों का लाइव परीक्षण) व्यवस्था लेकर आया है। आरबीआई फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों) का पूरा समर्थन करता है और करता रहेगा...आरबीआई फिनटेक के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति फेरारी का मालिक हो सकता है और उसे चला सकता है, लेकिन फिर भी उसे दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। यह पूछे जाने पर कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पेटीएम भुगतान ऐप लाइसेंस पर कब निर्णय लेगा, दास ने कहा कि आंतरिक जांच-पड़ताल के बाद ही इस संबंध में कदम उठाया जाना है। दास ने कहा, जहां तक आरबीआई का सवाल है, हमने उन्हें सूचित कर दिया है कि अगर एनपीसीआई पेटीएम भुगतान ऐप को जारी रखने पर विचार करता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि हमारी कार्रवाई पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ थी। ऐप एनपीसीआई के पास है...एनपीसीआई इसपर विचार करेगा...मुझे लगता है कि उन्हें इस बारे में जल्द ही निर्णय करना चाहिए। महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, पीएमआई आदि) के आधार पर हमारा मानना है कि चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि 5.9 प्रतिशत को पार कर जाएगी। जब यह होगा, तो निश्चित रूप से सालाना वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत से अधिक होगी। इसकी काफी संभावना है कि चालू वर्ष में जीडीपी आंकड़ा आठ प्रतिशत के आसपास होगा।

## सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नये रिकॉर्ड पर, चांदी 400 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर की मजबूती दर्शाता है। हालांकि, चांदी अपने पिछले बंद भाव 23.88 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले घटकर 23.75 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 शुरू

नई दिल्ली। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया, देश की प्रतिष्ठित और सबसे ज्यादा अपेक्षित पोकर सीरीज, के चौथे एडिशन की शुरूआत हुई है। पहले दिन मिलीं 11800 से ज्यादा एंट्रीज के साथ नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने 21 दिनों का सफर शुरू कर दिया है। इसमें देश की बढ़ती पोकर कम्युनिटी का एक-दूसरे से मुकाबला होगा, हुनर का रोमांचक खेल दिखेगा और शानदार इनाम भी मिलेगा। पोकर सीरीज में पहली बार 50 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्राइज मिल रहे हैं। इस साल के इवेंट में जीते जाने के लिये 450 से ज्यादा मेडल्स हैं। और प्लेयर्स भारत में किसी पोकर सीरीज से मिल रहा सबसे बेहतरीन अनुभव पाने के लिये तैयार हैं। सीरीज में 150 टूनामेंट्स होंगे, जिनकी शुरूआत 3 मार्च से होगी और जो 24 मार्च 2024 को खत्म होंगे। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 को अपने पहले ही दिन देशभर से 11,800+ एंट्रीज मिली हैं। इसके अलावा, किक-ऑफ टूनामेंट में ही शानदार 2,500+ एंट्रीज के साथ पिछले रिकॉर्ड टूट चुके हैं। यह पिछले एडिशनों से 25 फीसद ज्यादा हैं।

# भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर

## इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया संबोधित

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने मुद्रास्फीति को पांच प्रतिशत से नीचे रखा हुआ है जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाली पिछली सरकार के समय यह दहाई अंक में पहुंच गई थी।

शाह ने यहां इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय औसत मुद्रास्फीति 8.2 प्रतिशत थी और उसके शासनकाल के अंतिम तीन साल में तो यह दहाई अंक तक पहुंच गई थी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई में थी लेकिन हमारी सरकार ने इसे पांच प्रतिशत से नीचे रोक दिया है। संप्रग सरकार के समय 12 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों से देश का विश्वास हिल गया था और साठगांठ वाला (क्रॉनी) पूंजीवाद अपने चरम पर था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, जबतक आप यह नहीं जानते कि



गड्ढा कितना गहरा है, आप प्रगति को नहीं समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, संप्रग सरकार के 10 साल देश की वृद्धि गाथा से लगभग नदारद थे। आप उन वर्षों को खोज ही नहीं सकते हैं। वृद्धि के नाम पर उन 10 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ था। ऐसे हालात में मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली थी। शाह ने कहा, भारत अब एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा, हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 वर्षों के रोडमैप के साथ चुनाव में उतर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूरदर्शी प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित, आत्मनिर्भर और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने का इरादा भी है।

# प्रौद्योगिकी, नवाचार, एआई में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करें युवा

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा (एआई), स्टार्ट-अप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के लिए आगे आएं। उन्होंने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के समापन समारोह में यह भी कहा कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प ही वैश्विक समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का आधार है।



इस समारोह में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। बिरला ने कार्यक्रम के वक्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा, स्पष्ट सोच वाले कुशल वक्ताओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वह आश्वस्त हैं कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी बहुत सक्षम हाथों में है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि संसद के केंद्रीय कक्ष ने भारत की राष्ट्र-निर्माण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह कक्ष विदेशी अधीनता से आजाद होकर देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना का प्रतीक है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प से भारत भविष्य में विश्व मंच पर समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन सकता है। उन्होंने कहा, तकनीकी प्रगति और नवाचार के वर्तमान युग में, युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे आगे बढ़कर देश को प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा, स्टार्टअप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में सुस्थापित करें।

संक्षेप

## त्रिशूली नदी में बस गिरने से सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। नेपाल के दैनिक समाचारपत्र द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका और वह त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी के अनुसार इस दुर्घटना में एक महिला सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कम से कम 30 यात्री घायल हो गए। इन लोगों को नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक गौतम केसी ने कहा, घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया। खबर के मुताबिक मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। बस के चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बस के नदी में गिरने से यात्रियों को लगी चोटों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# द. कोरिया के साथ प्रौद्योगिकियों में विस्तार चाहता है भारत

एजेंसी

सियोल। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत, दक्षिण कोरिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक समसामयिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नये क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग पर व्यापक व सार्थक चर्चा हुई। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज (बुधवार को) सियोल में विदेश मंत्री चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की, जो व्यापक और सार्थक रही। उन्होंने कहा कि बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों में विस्तार, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार में सहयोग, दोनों



देशों की जनता का आवागमन और सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा, द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति हमारी सहमति और आपसी हितों के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दक्षिण कोरिया के दौरे के वक्त द्विपक्षीय संबंध एक नयी उंचाई तक पहुंचे थे। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि हम उसे बनाए रखें। बीते वर्षों में हम और मजबूत हुए हैं।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र का मसौदा खरगे को सौंपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति ने घोषणा पत्र का मसौदा बुधवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दिया। समिति के प्रमुख पी चिदंबरम एवं इसके कुछ अन्य सदस्यों ने खरगे को घोषणा पत्र का मसौदा सौंपा।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के निर्माण तक, दूरसंचार एवं आईटी क्रांति से उदारीकरण तक, समावेशी शासन से अधिकार आधारित प्रतिमान तक कांग्रेस हमेशा भारत के कल्याण और



विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए न्याय पर आधारित हमारे घोषणापत्र का मसौदा तैयार है और आज कांग्रेस घोषणापत्र समिति द्वारा मुझे प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति के समक्ष इसे अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय के पांच स्तंभों पर केंद्रित रहने वाला है।

# भाजपा ने की बंगाल सरकार की आलोचना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का विरोध करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की और इसे बहुत शर्म का विषय बताया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने का राज्य सरकार का फैसला उसकी नैतिकता को दर्शाता है। पुरी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अपराध से इनकार नहीं कर रही है बल्कि शेख को राजनीतिक संरक्षण भी दे रही है।

उन्होंने कहा कि आरोपी ने नहीं बल्कि सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपील की है। मंत्री ने कहा कि पहले राज्य सरकार ऐसी घटनाएं होनी देती है और फिर इस तरह का बर्ताव करती है। उन्होंने कहा, यह बहुत शर्म की बात है।

# बाइडन और ट्रंप ने सुपर ट्यूजडे प्राइमरी चुनाव में मारी बाजी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की दावेदारी के लिए देशभर के 15 राज्यों में हुए अपनी-अपनी पार्टी के प्राइमरी चुनावों में जीत हासिल करने में कामयाब रहे, जिससे इस साल नवंबर में दोनों नेताओं के बीच एक बार फिर से आमना-सामना होने का मार्ग प्रशस्त होता प्रतीत हो रहा है।

साथ ही भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर अपनी दावेदारी को छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। राष्ट्रपति



पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप को प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

# भारत और मालदीव के बीच बढ़ी तल्खी

एजेंसी

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने घोषणा की है कि उनका देश हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए भारत के साथ हुए समझौते का नवीनीकरण नहीं करेगा और यह सर्वेक्षण करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और मशीन हासिल करने की योजना बनायी जा रही है।

मुइज्जू ने यह भी घोषणा की कि उनका देश मालदीव के जल क्षेत्र के लिए चौबीस घंटे काम करने वाली निगरानी प्रणाली इसी महीने स्थापित करने के लिए काम कर रहा है ताकि बड़े क्षेत्र के बावजूद इसके विशेष



आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब चीन नें मजबूतै द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त सैन्य सहायता प्रदान करने के वास्ते मालदीव के साथ कुछ दिन पहले ही एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन समर्थक मुइज्जू के पिछले साल सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटे बाद, मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया और पहले कदमों में भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की।

मुइज्जू ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब एक चीनी अनुसंधान पोत ने माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के ईईजेड के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताया। मुइज्जू ने सोमवार को कुछ द्वीपों का दौरा किया था।

इंटरटेनमेंट...

# करण जौहर करेंगे 71वें मिस वर्ल्ड को होस्ट

मुंबई। भारत मिस वर्ल्ड पेजेंट को होस्ट करने की तैयारी कर रहा है। ये कॉम्पिटिशन भारत में 28 साल के बाद होने जा रहा है। इससे पहले ये कॉम्पिटिशन 1996 में बैंगलोर में हुआ था। इस बार ये पेजेंट फिल्म मेकर करण जौहर होस्ट करेंगे। होस्टिंग में उनका साथ मिस वर्ल्ड 2013 मेगन यंग भी देती नजर आएंगी। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। मिस वर्ल्ड पेजेंट का ये 71वां साल होगा।

मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 9 मार्च को समारोह का आयोजन किया जाएगा। जियो वर्ल्ड सेंटर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित है। अक्सर यहां फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े बड़े-बड़े इवेंट्स होते रहते हैं। फेमिना मिस इंडिया 2022 की विनर सिनी शेट्टी मिस वर्ल्ड 2023 कॉम्पिटिशन में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। हाल ही में सिनी ने मिस वर्ल्ड मिस पेजेंट के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा- वर्ल्ड का हमेशा उद्देश्य रहा है ब्यूटी विद आ पर्पज। यहां केवल सुंदरता ही नहीं बल्कि उद्देश्य भी मायने रखता है। यही कारण है कि इन कॉम्पिटिशन्स में महिलाएं अपने मुद्दों के साथ खड़ी रहती हैं, जैसे- दुनिया भर में शांति फैलाना, ज्यादा से ज्यादा लोगों




की मदद करना। मानवता के हित के लिए कुछ करना। सिनी शेट्टी मिस वर्ल्ड 2023 कॉम्पिटिशन में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। सिनी ने भारत के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा- भारत एक ऐसा देश है, जहां मॉर्डनाइजेशन और ट्रेडिशन का कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है।

# जाह्नवी कपूर अभिनेता राम चरण के साथ आयेंगी नजर

नयी दिल्ली। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्म आरआरआर के स्टार अभिनेता राम चरण के साथ अपनी अगली तेलुगु फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। रामचरण और कपूर की इस तेलुगु फिल्म का नाम आरसी 16 है और इसका निर्देशन करेंगे बुच्ची बाबू सना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी कपूर के 27वें जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म के बारे में जानकारी साझा की है। बैनर ने पोस्ट में कहा, आरसी16 का स्वागत। जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। जाह्नवी कपूर फिल्म देवरा से तेलुगु फिल्मों में शुरुआत करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह जूनियर एनटीआर के



साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, एनटीआर ने एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर में भी अभिनय किया था। देवरा फिल्म का निर्देशन के. शिवा कर रहे हैं।

# 'क्रू' का गाना रिलीज, तब्बू करीना व कृति सेनन एक साथ

आज तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' का गाना 'नैना' रिलीज हुआ। इस गाने में दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने अपनी आवाज दी है। 'नैना' में तब्बू, करीना और कृति के ग्लैमरस लुक्स देखने को मिले। तीनों ने अपनी अदाओं से गाने में चार चांद लगा दिए हैं। गाने में एयरपोर्ट और प्लेन के अंदर के सीन भी देखने को मिले। वीडियो में रेड ड्रेस में तब्बू, ऑरेंज में कृति और ग्रीन में करीना खूब जंचती नजर आ रही हैं। गाना रिलीज होते ही फैंस अपने रिएक्शन दे रहे हैं। जहां एक फैन ने लिखा- दिलजीत और करीना की जोड़ी जबरदस्त लगती है। इन दोनों को किसी फिल्म में साथ काम करना चाहिए। वहीं दूसरे यूजर ने कृति सेनन की तारीफ की। एक और यूजर ने दिलजीत और करीना को धमाका जोड़ी कहा।




# 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' का रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर रिलीज

मुंबई। विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' के लिए एक्साइटमेंट तेज है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तीकड़ी ने पहले द केरल स्टोरी जैसी बेहतरीन फिल्म दी हैं।

ऐसे में साथ में ये अब 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' लेकर आ रहे हैं जिसके दोनों टीजरों और पोस्टर्स ने पहले ही खूब सुर्खियां बनाई है और दर्शकों से प्यार पाया है। ऐसे में अब दर्शकों द्वारा ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। फिल्म के रिलीज की डेट जैसे जैसे नजदीक आ रही है, दर्शकों के बीच इसे देखने के लिए उत्सुकता बढ़ती नजर आ रही है। दर्शकों की उम्मीदों को एक नए स्तर पर लेकर जाते हुए, मेकर्स ने 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com